## न्यूज ब्रीफ

### बरार गांव में हुआ जल अर्पण दिवस

**कानपुर देहात।** विकासखंड मैथा के ग्राम पंचायत बरार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल अर्पण दिवस समारोह 2026 का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने की। इस अवसर पर उपस्थित जल निगम के अधिकारी, डीपीएमयू टीम, टीपीआई टीम आदि के अधिकारी और प्रतिनिधि रहे। कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्ट को आर्डिनेटर ने प्राथमिक विद्यालय से बालक व बालिकाओं एवं क्षेत्रवासियों को जल संरक्षण एवं स्वच्छ जल के महत्व के प्रति जागरूक किया। उन्हें जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। अधिकारियों ने बताया कि जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य निरंतर पूरा किया जा रहा है।

### बाइकों की टक्कर में चार लोग घायल

**रसूलाबाद :** रसूलाबाद-झींझक मार्ग पर गौरांश गेस्ट हाउस के समीप शुक्रवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी रसूलाबाद ले जाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को गंभीर दशा के चलते हैलट कानपुर रेफर किया गया है। शुक्रवार को गहिलू गांव निवासी धर्मेंद्र (22) पुत्र संतोष गौतम अपनी बुआ पुष्पा (60) को बिसोहा डेरापुर अपने साथी मलखानपुर निवासी राजा पुत्र रामबाबू के साथ बाइक से जा रहा था। इसी दौरान सलेमपुर मेहरा निवासी शिवा 20 पुत्र पप्पू सिंह की बाइक से उनकी टक्कर हो गई जिससे चारों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सड़क पर भीड़ लगने से कुछ देर यातायात बाधित हो गया। दुर्घटना की सूचना पाकर पुलिस घायलों को सीएचसी रसूलाबाद ले गई। सीएचसी में डॉक्टर बृजेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद चारों की गंभीर दशा के चलते उन्हें उपचार के लिए हैलट अस्पताल कानपुर रेफर कर दिया।

### युवक ने खाया जहर हालत नाजुक

**राजपुर।** नगर पंचायत राजपुर के पटेल नगर मोहाल में शनिवार को एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजनों ने उसे स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। आशीष वर्मा 35 वर्ष पुत्र देवी दीन वर्मा ने शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ी तो परिजनों में कोहराम मच गया। आनन फानन में परिजनों ने उसे स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया। उपचार के बाद डाक्टरों ने उसे चिंता जनक हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामला घरेलू कलह के चलते युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। राजपुर थाना प्रभारी सनत कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी गई।

### आज रनियां में पांच घंटे बंद रहेगी बिजली

**रनियां।** 33/11 उपकेंद्र रनियां में बिजनेस प्लान योजना के तहत लाइन शुद्धिकरण का कार्य किए जाने के कारण समस्त 11 केवी फीडरों की विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। इसमें समस्त औद्योगिक इकाइयों सहित रनिया टाउन एरिया में आज रविवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। जानकारी एसडीओ विकास सोनी ने दी है।

# सिसाही में बनेगी इंटर लॉकिंग रोड

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** ग्रामीणों द्वारा लंबे अरसे से की जा रही कच्चे मार्ग के स्थान पर इंटरलॉकिंग मार्ग के निर्माण की मांग आखिर पूरी हो गई। क्षेत्र पंचायत निधि से सिसाही में 200 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क का शुभारंभ गांव के वरिष्ठ नागरिकों और बुजुर्गों द्वारा विधिवत भूमिपूजन के साथ किया गया।

यह कार्य ब्लॉक प्रमुख के निर्देश में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अनिल राठौर के नेतृत्व में हुआ। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और वरिष्ठ जन मौजूद रहे। सिसाही निवासी इस मार्ग के निर्माण की मांग लंबे समय से कर रहे थे। बरसात के मौसम में कच्चे रास्ते के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी होती थी। अब इस इंटरलॉकिंग सड़क के बनने से गांव के लोगों को सुविधा मिलेगी और आवागमन आसान होगा। ग्रामीणों ने इसे गांव के लिए एक महत्वपूर्ण विकास कार्य बताया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने बताया कि गांव के विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं और भविष्य में भी ग्राम पंचायत में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर शिवनाथ सिंह, जयराम सिंह, रावेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, सज्जन पाठक, जसवंत सिंह, डॉ. राम बाबू, राम सिंह, ललई, जीत सिंह, पुर्ष्पेंद्र सिंह, संदीप सिंह, भोलू सिंह आदि मौजूद रहे।



भूमि पूजन के बाद फावड़ा चलाकर शुभारंभ करते हुए। अमृत विचार

# बाढ़ापुर गांव के परीक्षा केंद्र पर पहुंचे अफसर

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** शनिवार को पुलिस में उपनिरीक्षक तथा समकक्ष पदों की सीधी भर्ती परीक्षा पहले दिन शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने दयानंद ग्राम औद्योगिक इंटर कॉलेज, बाढ़ापुर स्थित परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती, सीसीटीवी निगरानी, स्ट्रॉन्ग रूम की सुरक्षा, प्रश्नपत्रों के सुरक्षित वितरण तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक से परीक्षा संचालन से संबंधित आवश्यक जानकारी प्राप्त की तथा सभी व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संचालित रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी कपिल सिंह ने निर्देशित किया कि परीक्षा को पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न कराया जाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाएं। एसपी द्वारा परीक्षा केंद्र के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, तथा सुरक्षा संबंधी प्रबंधों की समीक्षा की। निर्देश दिए कि परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था पूरी तरह सुदृढ़ रखें।



परीक्षा केंद्र का सीसीटीवी देखतीं एसपी। अमृत विचार

# पात्रों को पारदर्शिता, तत्परता के साथ दें योजनाओं का लाभ

## 'गांव की समस्या, गांव में समाधान' कार्यक्रम के तहत बारा गांव पहुंचे सीडीओ

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचारः** पात्र व्यक्तियों का सत्यापन कर उन्हें सरकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। इस काम में अधिकारी-कर्मचारी पूरी पारदर्शिता और तत्परता बरतें। औपचारिकताओं के नाम पर लाभार्थी को कतई परेशान न करें। दायित्व के निर्वहन में ढिलाई बरती तो दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

यह बात सीडीओ विधान जायसवाल ने कही। 'गांव की समस्या, गांव में समाधान' कार्यक्रम के दौरान वह गांव बारा में ग्रामीणों से रूबरू हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे और उन्होंने पेयजल, सड़क, विद्युत, आवास, पेंशन, राशन कार्ड, मनरेगा भुगतान सहित विभिन्न समस्याओं एवं सुझावों से मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना।

उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनसमस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े। श्री जायसवाल ने चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि पात्र लाभार्थी प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय योजना, वृद्धावस्था, विधवा-दिव्यांग पेंशन योजना, मनरेगा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन योजना), स्वच्छ भारत मिशन तथा अन्य विकासपरक योजनाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र व्यक्तियों का सत्यापन कर उन्हें योजनाओं से आच्छादित करने में पूर्ण पारदर्शिता एवं तत्परता बरती जाए। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं को अभियान चलाकर पूरा किया जाए तथा मनरेगा सहित अन्य विकास कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए। इसके लिए कार्यस्थलों पर सूचना पट्ट अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि ग्रामीणों को कार्यों की जानकारी मिलती रहे। मुख्य विकास अधिकारी ने ग्राम में संचालित विकास कार्यों की प्रगति, स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क की स्थिति, विद्युत आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली तथा कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। चौपाल पर सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित हुए।



चौपाल में लोगों ने साझा की समस्याएं। अमृत विचार

# पिकअप की टक्कर से तीन लोग हुए घायल

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रनियां थाना क्षेत्र के मंटोरा चौराहे के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने दो पैदल राहगीरों तथा एक बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया।

शनिवार की शाम मंटोरा चौराहे पर कानपुर से अकबरपुर की ओर जा रही एक तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार अरविंद कुमार सुपरवाइजर नगर पंचायत रनियां की बाइक में टक्कर मार दी, इसके बाद भागने के चक्कर में सड़क किनारे पैदल चल रहे देवेन्द्र कुमार तथा एक महिला नंदिनी को भी टक्कर मार दी। बताया गया कि पैदल चल रहे दोनों घायल एक फैक्ट्री में काम करने के बाद वापस कमरे पर लौट रहे थे। इस बीच चालक पिक अप मौके पर छोड़कर भाग गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने घायलों को उपचार के लिए भिजवाया।



पिकअप की चपेट में आई मोटर साइकिल। अमृत विचार

### गैस एजेंसियों में पहुंचे एसडीएम, लिया स्टॉक का जायजा

**रसूलाबाद।** शनिवार को उपजिलाधिकारी सर्वेश कुमार सिंह एवं पूर्ति निरीक्षक विकास कनौजिया द्वारा समस्त गैस एजेंसियों की जांच की गई। मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में एजेंसी में गैस सिलेंडर उपलब्ध होने की बात कही गई। जांच के दौरान एजेंसी संचालकों द्वारा एसडीएम को अवगत कराया गया की कम्पनी द्वारा ओटीपी के माध्यम से बुकिंग चालू है व ग्राहक को सिलेंडर भी उपलब्ध हो रहे है स इस मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बताया कि पहले उनके गांव गांव तक इन कंपनियों की गाड़ियां जाती थी और उन्हें सिलेंडर घर घर उपलब्ध रहते थे। इस नई व्यवस्था से उन लोगों को परेशानी है। एसडीएम में ग्रामीणों को बताया कि नई व्यवस्था में सर्वर की समस्या के कारण लोगों को कुछ परेशानी हो रही है। इस दौरान एजेंसी के स्टाक रजिस्टर भी चेक किए। एसडीएम ने एजेंसी संचालकों को इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए और शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी।

# मामले को निपटाने के लिए डीएम के संग अदालत में बैठीं एसपी

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार :** शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी कपिल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने विभिन्न वादों की सुनवाई की। जिलाधिकारी न्यायालय में आए प्रकरणों का आपसी सहमति के आधार पर समाधान कराया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान राजस्व, पुलिस एवं अन्य विभागों से संबंधित विभिन्न प्रकरणों पर विचार किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मामलों का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए तथा कई मामलों का मौके पर ही आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण कराया गया। इससे लोगों को लंबे समय से लंबित विवादों से राहत मिली और न्यायालयों में अनावश्यक लंबित मामलों को कम करने में भी सहायता मिली। जिलाधिकारी कपिल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य आमजन को शीघ्र, सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से विवादों का समाधान होने से न केवल न्यायिक प्रक्रिया सरल होती है, बल्कि दोनों पक्षों के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण भी बना रहता है।

अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक प्रकरणों का आपसी सहमति से निस्तारण कराते हुए आमजन को त्वरित राहत प्रदान की जाए। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेंद्र पांडेय ने कहा कि पुलिस प्रशासन का प्रयास है कि जनता से जुड़े मामलों का शीघ्र एवं निष्पक्ष समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि लोक अदालत एक प्रभावी मंच है, जहां विवादों का शांतिपूर्ण समाधान संभव है और इससे लोगों को न्यायालयों के लंबे समय तक चलने वाले मुकदमों से राहत मिलती है।

### एक घर में चोरी तीन घरों में नाकाम रही कोशिश

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के तलुहापुर गांव में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए नकदी और लाखों रुपये के जेवरात पार किए, जबकि तीन अन्य घरों में चोरी का प्रयास असफल रहा।

अनुराग दुबे के घर में चोर रात के समय ऊपर की कुंडी तोड़कर घुसे, करीब चार हजार नकद व जेवरात लेकर फरार हो गए। जानकारी होने पर पीड़ित ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। चोरों ने गांव में कई अन्य घरों में भी हाथ साफ करने की कोशिश की। पहले राहुल तिवारी के घर पहुंचे, जहां बाहर से कुंडी लगा दी लेकिन चोरी नहीं कर सके। वहीं वैभव तिवारी के घर का ताला तोड़ने का प्रयास किया, मगर सफलता नहीं मिली। तीसरे घर सुनील तिवारी के यहां भी बाहर से कुंडी बंद कर दी गई, चौथे घर अनुराग दुबे के घर में चोरी की घटना को अंजाम दे दिया गया।

# रोशनदान से लटका मिला राज मिस्त्री का शव, आत्महत्या की आशंका

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रनियां कस्बे के शर्मा मोहल्ला में बीती रात एक राजमिस्त्री ने घर के गेट के ऊपर लगे रोशनदान से दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया।

रनियां नगर पंचायत के श्याम सुंदर नगर निवासी मोहन लाल उम्र करीब 37 वर्ष मेहनत मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। बीती रात खाना खाने के बाद परिवार के सभी लोग सो गए, शनिवार की सुबह सुबह सोकर उठे परिजनों ने देखा कि मोहनलाल दरवाजे के ऊपर लगे रोशनदान में दुपट्टे के सहारे लटक रहा था। फांसी पर लटका देख घरवालों की चीख निकल पड़ी। कुछ ही देर में आस-पड़ोस के लोग मौके पर जमा हो गए। घटना की जानकारी रनियां पुलिस को दी गई।

सूचना पर एसआई सुरेंद्र सिंह तथा फील्ड यूनिट की टीम घटनास्थल पर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाते हुए साक्ष्य संकलित कर शव को पीएम के लिए भिजवाया। घटना के बाद मृतक की मां ममता देवी सदमे में हैं जबकि पत्नी जयोति तथा पुत्रों अमन व सिद्धार्थ तथा पुत्री अनन्या का रो रोकर बुरा हाल था। घटना के संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।



घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। अमृत विचार

# तीसरे दिन नहर में मिला डूबे ट्रक चालक का शव

संवाददाता, रसूलाबाद।

**अमृत विचार।** डूबने के तीसरे दिन शनिवार को लाला भगत पुल के समीप नहर में डूबे ट्रक ड्राइवर का शव बरामद हुआ। एसडीआरएफ व पुलिस टीम की कड़ी मेहनत के चलते शनिवार दोपहर बाद करीब 3:30 बजे युवक का स्वर शहबाजपुर नहर पुल के पास मिला। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

गुरुवार को दिनकरपुर थाना शिवराजपुर कानपुर नगर निवासी ट्रक ड्राइवर सतीश पाल 30 पुत्र किशन लाल ससुरली जनो के साथ लालाभगत कौमारी देवी मंदिर में जवारे चढ़ाने आया था, तभी मंदिर के पास नहर में नहाते समय डूब गया था। गुरुवार और शुक्रवार को पुलिस टीम, स्थानीय गोताखोर व एसडीआरएफ टीम ने काफी खोजबीन की लेकिन सतीश पाल का पता नहीं चल सका। शनिवार सुबह से ही प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में एसडीआरएफ टीम नहर में तलाशी अभियान चला रही थी। तहसीलदार संतोष कुमार सिंह, कानूनगो अनिल कुमार, रसूलाबाद कोतवाल एसएन सिंह और तिश्ती चौकी प्रभारी बृजेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद थे। इसी दौरान शनिवार दोपहर करीब 3: 30 बजे के बाद एसडीआरएफ टीम को तलाश करते समय सतीश पाल का शव सहवाजपुर नहर पुल के पास फंसा मिला। शव मिलने की सूचना पर मृतक के परिजन मौके पर पहुंच गए।

**निरीक्षण** सीडीओ विधान जायसवाल ने बारा गांव के कंपोजिट स्कूल का किया मुआयना

# बिना अर्जी स्कूल में गैर हाजिर मिले हेड मास्साब, देना होगा जवाब

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**57** की जगह 17 बच्चे मिले कक्षा तीन में

**49** की जगह 16 बच्चे मिले कक्षा चार में

**अमृत विचारः** मुख्य विकास अधिकारी विधान जायसवाल ने अकबरपुर ब्लाक की ग्राम पंचायत बारा में संचालित कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया। छात्र संख्या काफी कम मिली। प्रधानाध्यापक भी बिना अनुमति अनुपस्थित मिले। इस पर उनसे स्पष्टीकरण तलब किया गया है। सीडीओ ने कहा कि स्कूल में पंजीकृत छात्राओं की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। साथ ही अध्यापक बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित भी करें।

सीडीओ ने कंपोजिट विद्यालय के सभी कक्षाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानध्यापक राहत अली मौके पर अनुपस्थित पाए गए। उनकी गैर हाजिरी का कोई प्रार्थना पत्र नहीं था। सीडीओ ने जवाब मांगने के निर्देश दिए हैं। कक्षा तीन में पंजीकृत 57 छात्र-छात्राओं में से मात्र 17 बच्चे मिले जब कि कक्षा चार में पंजीकृत 49 छात्र छात्राओं में से मात्र 16 बच्चे मौके पर उपस्थित पाए गए। इस पर उन्होंने संबंधित सहायक अध्यापक को फटकार लगाते हुए निर्देशित किया कि बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थित सुनिश्चित की जाए। साथ ही विद्यालय में उपस्थित होने वाले सभी छात्र/छात्राएं पूरी ड्रेस में ही आएं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षिक गतिविधियों, व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी ने कक्षाओं में जाकर बच्चों से बातचीत की तथा उनकी शैक्षिक गुणवत्ता का आकलन किया। उन्होंने अध्यापकों को निर्देशित किया कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं रुचिकर शिक्षा प्रदान की जाए, जिससे उनकी बौद्धिक क्षमता एवं सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने बच्चों की उपस्थिति, मिड-डे मील व्यवस्था, पाठ्य सामग्री तथा विद्यालय में उपलब्ध अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिए कि विद्यालय परिसर, कक्षाओं, शौचालयों एवं पेयजल व्यवस्था को स्वच्छ एवं व्यवस्थित रखा जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय स्टाफ को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही उन्होंने अभिभावकों के साथ समन्वय स्थापित कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने पर बल दिया। इस दौरान अधिकारी एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



निरीक्षण के दौरान बच्चों से पठन-पाठन के बारे में जानकारी लेते सीडीओ।

# भागवत कथा : राष्ट्र पर संकट के समय उबारने को आगे आते संत-महात्मा

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** राष्ट्र की संस्कृति व सभ्यता का जब जब हनन होता है तब तब कोई न कोई संत देश की संस्कृति व सभ्यता को बचाने को खड़ा हो जाता है। देश की आन, बान, शान के लिए गुरु विश्वामित्र ने अपने आप को न्योछावर कर दिया और राम लक्ष्मण को लेकर धार्मिक अनुष्ठानों में पहुंच रही बाधाओं को छांटा। यह बात ऋषि वन धाम हनुमान कुटी गौघाट बेहटा दलपतपुर आश्रम में हो रही सीता राम नाम जप महायज्ञ में राम कथा के दौरान आचार्य अशोकानंद महाराज ने श्रोताओं के बीच कही।

महायज्ञ में पंचम दिवस की राम कथा में आचार्य अशोकानंद ने ऐसे संत व गुरु जो राष्ट्र के लिए अपने आप देश के प्रति न्योछावर कर जो देश हित के लिए अति महत्वपूर्ण था। उन्होंने श्रोताओं को कथा रसपान करवाते हुए बताया कि देश की संस्कृति व सभ्यता का जब जब हनन होता है तब तब कोई न कोई संत देश की संस्कृति व सभ्यता को बचाने को खड़ा होता है इसलिए जब धार्मिक अनुष्ठानों में असुरों द्वारा व्यवधान हुआ तो विश्वामित्र राजा दशरथ के यहां एक याचक बन राम लक्ष्मण की मांग की। गुरु वशिष्ठ के समझाने पर राजा दशरथ ने अपने दोनों पुत्र राम व लक्ष्मण को गुरु विश्वामित्र के साथ भेज दिया। विश्वामित्र ने देश की आन ,बान, शान के लिए राम व लक्ष्मण को ऐसा तैयार किया जिनपर विजय पाना मुश्किल था और उन्होंने अपने तपोबल व यज्ञ अनुष्ठान से ऐसे दिव्यास्त्र प्रकट किए जो श्री राम के लिए आगे चलकर उनके युद्ध में काम आए। उधर रास लीला में दिखाया गया कि एक दिन भगवान श्री कृष्ण अपनी लीला में अपने सखाओं के साथ बृज भूमि पर ग्वाल बालों के साथ क्रीड़ा कर थे। उसी दौरान कृष्ण ने बृज की मिट्टी को अपने मुख में भर लिया यह देख उनके सखाओं ने मां जशोदा से उनकी शिकायत कर दी जिसपर मां जशोदा ने कृष्ण का हाथ पकड़ घर के अंदर ले गयीं।



कथा सुनाते आचार्य अशोकानंद महाराज।

## न्यूज ब्रीफ

### मार्ग दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल

**घाटमपुर।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के गोपालपुर मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। इसके चलते बाइक सवार युवक गंभी रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार नरेंद्र पुत्र सुघर सिंह उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी करचुलीपुर थाना साढ़ किसी काम से साढ़ गए थे। साढ़ से वापस आते समय बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई इससे चलते नरेंद्र घायल हो गया ।

### शॉर्ट सर्किट से झोपड़ी में लगी आग

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के गांव शाह नेवादा के मजरा बुझवा गांव में बिजली के शॉर्ट सर्किट से एक झोपड़ी में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया व झोपड़ी एवं उसके अंदर रखा गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित अमित कुमार पुत्र राधेश्याम ने बताया कि शनिवार को दोपहर बाद अचानक बिजली के शॉर्ट सर्किट से उसकी झोपड़ी में आग लग गई। इसके चलते झोपड़ी में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। उसने स्थानीय प्रशासन से उचित मुआवजा देने की मांग की है। वहीं ग्राम प्रधान प्रताप सिंह ने पीड़ित परिजनों को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है। ग्राम प्रधान ने जानकारी देते हुए बताया कि पीड़ित का प्रधानमंत्री आवास योजना में नाम अंकित है जल्द ही प्रधानमंत्री आवास दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### विद्यालयों व बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने पर हुई चर्चा

**घाटमपुर।** घाटमपुर में बीईओ कार्यालय में सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत ग्राम प्रधानों एवं प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी राजेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं जिला पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल वरुण ने वहां पर मौजूद छात्र एवं छात्राओं सहित अधिकारियों को संबोधित किया। इस अवसर शिक्षा की व्यवस्था को बेहतर बनाने, विद्यालयों में जन सहभागिता बढ़ाने तथा बच्चों के भविष्य के लिए सामूहिक प्रयासों पर सार्थक चर्चा हुई। इस मौके पर मुख्य लेखाकार रोहन शर्मा, मनोज यादव, प्रणव अवस्थी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नियमों की कम जानकारी बनी उपभोक्ताओं के लिए मुसीबत

## एसडीएम संजीव दीक्षित, एसीपी मंजय सिंह ने गैस एजेंसी का किया औचक निरीक्षण

संवाददाता, बिल्हौर



गैस एजेंसी की जांच पड़ताल करते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार ।** ग्रामीण इलाकों में गैस सिलेंडरों की बुकिंग को लेकर उपभोक्ताओं की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। ओटीपी आधारित बुकिंग सिस्टम का पूरी तरह पालन न होना और सर्वर की धीमी गति वर्तमान में सबसे बड़ी बाधा बनकर उभरी है। शनिवार को बिल्हौर तहसील क्षेत्र के कई छोटे -बड़े कस्बों में गैस एजेंसी पर ग्राहकों की लंबी भीड़ नजर आई। वहीं लोग गैस खत्म होने की अफवाह में और भी ज्यादा पैनिक नजर आ रहे हैं, जिसके लिए तहसील के अधिकारी भी फील्ड पर उतरकर लोगों को समझाते दिखे।

शनिवार को क्षेत्र में रसोई गैस को लेकर मची अफरा-तफरी और शिकायतों के बीच उप जिलाधिकारी संजीव दीक्षित, एसीपी मंजय सिंह और क्षेत्रीय आपूर्ति अधिकारी ओमप्रकाश राणा ने स्थानीय गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने एजेंसी के स्टॉक रजिस्टर, स्टाफ की कार्यप्रणाली और उपभोक्ताओं को हो रही समस्याओं का विस्तार से जायजा लिया।गैस एजेंसी के संचालकों ने बताया कि सरकार द्वारा लागू किए गए नए नियम के अनुसार, एक उपभोक्ता 45 दिनों में केवल एक बार ही सिलेंडर ले सकता है। इस समय सीमा के कारण कई जरूरतमंद परिवारों को दिक्कतें हो रही हैं। साथ ही एक साथ बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं द्वारा वेबसाइट पर लॉग-इन करने और बुकिंग करने के कारण सर्वर बार-बार फेल हो रहा है, जिससे लोग घंटों परेशान हो रहे हैं।

उप जिलाधिकारी संजीव दीक्षित ने एजेंसी संचालकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि स्थिति को बेकाबू होने से रोकने के लिए संचालकों को खुद मोर्चा संभालना होगा। उन्होंने कहा कि एजेंसी संचालक और कर्मचारी उपभोक्ताओं को बुकिंग की प्रक्रिया और नए नियमों के बारे में सरल भाषा में समझाएं। जनता में भ्रम की स्थिति नहीं होनी चाहिए।

## घाटमपुर के बीएलओ को कमिश्नर ने किया सम्मानित



बीएलओ को सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

संवाददताता,घाटमपुर

● छत्रपति शाहूजी महाराज विवि कानपुर में हुआ आयोजन

**अमृत विचार ।** वीरांगना रानी लक्ष्मी बाई हाल छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर,में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2026 के लिये काम करने वाले बीएलओ व सुपरवाइजरों को शतप्रतिशत काम करने पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर घाटमपुर नगर से शतप्रतिशत काम करने वाले सर्वश्रेष्ठ बीएलओ के रूप में घाटमपुर नगर के वार्ड 6 जवाहर नगर पश्चिमी के बीएलओ योगेंद्र अवस्थी एवं वार्ड अशोक नगर दक्षिणी के बीएलओ आदर्श कुमार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के द्वारा सम्मानित किया गया।

बीएलओ सम्मान समारोह में के . विजयेन्द्र पांडियन, जिलाधिकारी कानपुर जितेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन , उप जिलाधिकारी घाटमपुर अविचल प्रताप सिंह और तहसीलदार घाटमपुर डॉ. अंकिता पाठक मौके पर उपस्थित रहीं।

## स्मैक बेचते युवक का वीडियो वायरल

**चकेरी।** लाल बंगला के कई इलाकों में मादक पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। लेकिन पुलिस मादक पदार्थ विक्रेताओं को पकड़ने में नाकाम हो रही है। सोशल मीडिया पर स्मैक की बिक्री करते हुए वीडियो वायरल हुआ है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

वायरल वीडियो 22 सेकेंड का है। जिसमें कई युवक मोहल्ले पर खड़े हुए हैं। वहीं युवक वीडियो में बोल रहा है कि सभी लोग स्मैक खरीदने के लिए खड़े हैं। जो एक युवक बेचता है और पुलिस इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वायरल वीडियो काजीखेड़ा इलाके का बताया जा रहा है। बताया गया कि स्मैक की बिक्री करने वाला युवक कालीबाड़ी में रहता है और काजीखेड़ा में आकर चोरी छिपे स्मैक की बिक्री करता है। जिससे इलाके में नशेबाजों का जमावड़ा रहता है। मामले में एसएसआई भानु प्रताप सिंह ने बताया कि वीडियो को संज्ञान में लेकर जांच की जायेगी। जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।



ईपीएफओ आंचलिक कार्यालय में विदाई समारोह। अमृत विचार

## ईपीएफओ के पदोन्नति क्षेत्रीय आयुक्त को विदाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईपीएफओ आंचलिक कार्यालय, उत्तर प्रदेश में कार्यरत क्षेत्रीय आयुक्त गौतम को पदोन्नति प्राप्त होने पर सहकर्मियों द्वारा विदाई दी गई। उन्हें पदोन्नत कर मध्य प्रदेश के आंचलिक कार्यालय में अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पद पर नियुक्त करके उनका स्थानांतरण किया गया है।

इस अवसर पर विदाई समारोह में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गौतम जी के कार्यकाल को स्मरण करते हुए उनके नेतृत्व, कार्यकुशलता तथा संगठन के प्रति समर्पण की सराहना की। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए कामनायें कीं। इस अवसर पर आंचलिक कार्यालय, उत्तर प्रदेश के अपर केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त उदय बक्शी ने गौतम जी को पदोन्नति पर हार्दिक बधाई दी। समारोह में जोनल कार्यालय से क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त–I पवन कुमार सिंह भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं, क्षेत्रीय कार्यालय कानपुर से क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त–I शाहिद इकबाल तथा क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त–II कुमार अभिषेक ने भी गौतम को नई जिम्मेदारी की शुभकामनाएं दीं। गौतम जी ने आंचलिक कार्यालय, उत्तर प्रदेश तथा क्षेत्रीय कार्यालय, कानपुर के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दो पक्षों में जमकर चले लाठी डंडे, एक दर्जन लोग हुए घायल

संवाददताता, घाटमपुर



अस्पताल में बैठे घायल । अमृत विचार

● खेत में पानी जाने के विरोध पर जमकर हुई मारपीट

**अमृत विचार ।** घाटमपुर के साढ़ थाना क्षेत्र के गांव चिरली निवासी राहुल कुशवाह ने बताया कि बीते दिन गांव निवासी जयचंद दीक्षित अपने गेहूं की फसल में पानी लगा रहे थे। इस दौरान वहीं पास में राहुल कुशवाहा की खड़ी फसल में पानी भर गया। इसका उसने विरोध किया। इस पर जयचंद दीक्षित ने घर में आकर गाली गलौज और मारपीट करने की धमकी दी थी। इस पर राहुल कुशवाहा ने पुलिस से शिकायत की थी। इस पर पुलिस ने दोनों पक्षों को बुलाकर आपसी समझौता कर दिया था ।

समझौते के बाद दीक्षित परिवार के एक जयचंद दीक्षित, हर्सित दीक्षित , रामप्रसाद , सुनील दीक्षित, हर्ष कुमार, उमाशंकर, राम जी दीक्षित ,रामचंद्र ,रत्नेश दीक्षित ,निषा व संगीता दीक्षित सभी ने एक राय होकर राहुल कुशवाहा के घर जाकर गाली गलौज करते हुए लाठी,डंडा व फरसा से जमकर मारपीट करने लगे। इसी बीच राहुल कुशवाहा के परिवार के लोगों कृष्णपाल कुशवाहा, कुलदीप कुशवाहा, रामगोपाल ,जगन्नाथ कुशवाहा ,छविनाथ कुशवाहा, बौवन कुशवाहा ,अरविंद कुशवाहा ने भी एक राय होकर लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। इससे दोनों पक्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायलों को सीएससी भीतरगांव भेजा गया, जहां पर गंभीर हालत देख दोनों पक्षों के घायलों को कानपुर रेफर किया गया। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर आगे की कार्रवाई कर रही है ।

## कान्हा गौशाला में हुई भाजपा की बैठक

संवाददाता, घाटमपुर



गो पूजन करते भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता। अमृत विचार

● भाजपा पदाधिकारियों ने गौमाता का किया पूजन

**अमृत विचार ।** कान्हा गौशाला में भाजपा पदाधिकारियों की बैठक हुई। नवनिर्वाचित मंडल पदाधिकारी एवं शक्ति केंद्र संयोजकों एवं मंडल कार्यकारिणी सदस्यों को मंडल अध्यक्ष रोहित सोनी ने नवीन दायित्व के बारे में जानकारी दी। सभी पदाधिकारियों ने गौ माता का पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रोहित सोनी, भाजपा नेता शोभित सेंगर ने किया और नव निर्वाचित संगठन के सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों को संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान अध्यक्ष रोहित सोनी, उपाध्यक्ष शशि भूषण द्विवेदी, विक्रम गोस्वामी, वीरेंद्र सिंह चौहान, ओम प्रकाश शर्मा, हिमांशु गुप्ता, कृष्ण कुमार एवं महामंत्री विकास सैनी, सीपू सक्सेना, मंत्री कुशल वाल्मीकि, रश्मि अवस्थी, शिवम सिंह, विजय मिश्रा, हिमांशु सचान, प्रचंड खरे एवं कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता,मीडिया प्रमुख पंकज त्रिपाठी, सोशल मीडिया प्रमुख स्नेहा हस, आईटी प्रमुख प्रदीप परिहार सहित समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी गण मौजूद रहे।



इंटलाकिंग के शिलान्यास के मौके पर मौजूद सरोज कुरील व अन्य । अमृत विचार

## विधायक ने इंटरलाकिंग का किया शिलान्यास

**घाटमपुर।** घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया। नगर पालिका परिषद घाटमपुर क्षेत्र की आंतरिक गलियों में इंटरलॉकिंग मार्ग निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक सरोज कुरील ने किया। इस दौरान यहां पर तमाम कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

घाटमपुर विधानसभा की विधायक सरोज कुरील ने इंटरलॉकिंग सड़कों का शिलान्यास कर क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने बताया कि यह सारे कार्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ तथा नगर विकास मंत्री एके शर्मा के दिशा-निर्देश पर कराये जा रहे हैं।

उन्हीं के मार्गदर्शन में घाटमपुर विधानसभा क्षेत्र में निरंतर सड़क, बिजली, पानी एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं के विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों की छूट बहाल करें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




सांसद को ज्ञापन देने जाते पेंशनधारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पेंशनर फोरम के अध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला एवं महामंत्री आनंद अवस्थी के नेतृव मे पेंशनर फोरम का एक प्रतिनिधिमंडल कानपुर नगर के सांसद रमेश अवस्थी से उनके आवास पर मिला और अपने 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन उन्हें सौंपा।

सांसद से मांग की गई कि आठवें वेतन आयोग में लिए गए निर्णय में पेंशनरों को भी शामिल किया जाए क्योंकि यह आशंका सेवानिवृत्त कर्मियों के बीच व्याप्त है कि उन्हें उस लाभ से वंचित किया जा सकता है। कृपया इस संबंध में हम सबको यह आश्वस्त करें सभी से सेवानिवृत्त कर्मियों को भी का लाभ मिलेगा। 50 प्रतिशत महंगाई भत्ते को वेतन/पेंशन में जोड़ा जाए ताकि कर्मचारियों एवं पेंशनरों में व्याप्त असंतोष का माहौल दूर हो। सभी पेंशनरों को आयकर से मुक्त किया जाए।

कोशियारी कमेटी की अनुशंसा के आधार पर ईपीएफ 95 के सेवानिवृत्त कर्मियों को न्यूनतम 7500 रुपये की पेंशन महंगाई भत्ता के साथ दें। सभी वरिष्ठ नागरिकों को करोना काल के पूर्व रेलवे सहित सभी छूटों को बहाल किया जाए। आईआईटी के सेवानिवृत्त कर्मियों को भी सीजीएचएस की सुविधा प्रदान की जाए। आनंद अवस्थी, बीएल गुलबिया, सत्य नारायण, भानु प्रकाश निगम, आरपी शुक्ल, आरपीएस श्रीवास्तव, एचएन तिवारी , विनय प्रकाश उपाध्याय, शिव शंकर, उमेश शुक्ल,, रविन्द्र कुमार मधुर, आरपी वर्मा, मुमताज हुसैन, पीएस बाजपेई व आनंद सिंह आदि थे।

## शिक्षक व बच्चे हुए सम्मानित

**कानपुर।** निपुण भारत मिशन के तहत निपुण लक्ष्यो को 2027 तक प्राप्त करने के लिए शिक्षा चौपाल आयोजित हुई। न्याय पंचायत बंसठी उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुई शिक्षा चौपाल में अभिभावकों को बच्चों की नियमित,उपस्थिति वालवाटिका और बुनियादी साक्षरता गणित पर चर्चा की गई। इस दौरान ग्राम प्रधान संरक्षक धनीराम कुशवाहा, स्वर्णिमा शर्मा, मीनाक्षी एआरपी तथा संकुल प्रभारी मनोज कुमार मौजूद रहे। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित उच्च प्राथमिक विद्यालय दयालपुर के 12 बच्चों एवं प्रधानाध्यापक अब्दुल मजीद उच्च प्राथमिक विद्यालय बंसठी के पांच बच्चों व उनकी इंचार्ज प्रधानाध्यापिका पूनम लता को भी सम्मान हासिल हुआ।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा सही नाम विवेक कुमार भटनागर (VIVEK KUMAR BHATNAGAR) है, किन्तु त्रुटिवश मेरे बच्चे विहान भटनागर(VIHAAN BHATNAGAR) के आधार कार्ड में मेरा नाम विवेक भटनागर (VIVEK BHATNAGAR) अंकित हो गया है। अतः विवेक कुमार भटनागर एवं विवेक भटनागर दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। भविष्य में मुझे विवेक कुमार भटनागर के नाम से ही जाना जाए।

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मैं, **स्वाती सिंह पत्नी मुनेन्द्र देव, निवासिनी ग्राम कचूरा पो. हर्रई शाहाबाद हरदोई**, मेरे पुत्र स्वयं सिंह, उम्र 2 वर्ष का नाम मूल कागजों में स्वयं गौतम लिख गया है। आज से मेरे पुत्र को स्वयं सिंह के नाम से जाना जाए।

**सूचना**
मैं, **स्वाती सिंह पत्नी मुनेन्द्र देव, निवासिनी ग्राम कचूरा पो. हर्रई शाहाबाद हरदोई** की पुत्री द्रति सिंह, उम्र 6 वर्ष का नाम मूल कागजों में द्रति गौतम लिख गया है। आज से मेरी पुत्री को द्रति सिंह के नाम से जाना जाए।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कल्पेश राजेंद्र भाई पटेल पुत्र श्री राजेंद्र भाई पटेल अपना नाम कल्पेश राजेंद्र भाई पटेल को परिवर्तित करके कल्पेश पटेल कर रहा हूँ अत: भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यो हेतु कल्पेश पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **कल्पेश पटेल पुत्र श्री राजेंद्र भाई पटेल माकन संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**
मैं **गंगा देवी पत्नी श्याम मनोहर निवासी ग्राम पिपरी राउत ब्लाक हलधरमऊ तहसील करनैलगंज जिला गोंडा** की निवासिनी हूँ। मेरे आधार कार्ड सहित सभी दस्तावेजों में नाम और पता यही है। जबकि पूर्व में नाम कुछ जगहों पर रामावती दर्ज हो गया था। जिसे मैंने सही करा दिया है। मेरे वास्तविक नाम गंगा देवी पत्नी श्याम मनोहर के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अवन्तिकाबेन कल्पेश पटेल पुत्री श्री अरुणभाई मूलजीभाई पटेल अपना नाम अवन्तिकाबेन कल्पेश पटेल को परिवर्तित करके अवन्तिकाबेन पटेल कर रही हूँ अत: भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु अवन्तिकाबेन पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **अवन्तिकाबेन पटेल पुत्री श्री अरुणभाई मूलजीभाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेंद्र भाई पुत्र श्री मगन भाई पटेल अपना नाम राजेंद्र भाई को परिवर्तित करके राजेंद्र भाई पटेल कर रहा हूँ अत: भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु राजेंद्र भाई पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा । **राजेंद्र भाई पटेल पुत्री श्री मगन भाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**
मैं **ध्रुव मिश्रा पुत्र मनीष कुमार मिश्रा पूरे भूपाल सिंह वि.ख. गौरा, तहसील डलमऊ जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड में रुद्र पुत्र मनीष मिश्रा निवासी दांदूपुर बराडीह तहसील. सलोन जिला रायबरेली अंकित है, जो कि गलत है। सही नाम और पता ध्रुव मिश्रा पुत्र मनीष कुमार मिश्रा पूरे भूपाल सिंह वि.ख. गौरा, तहसील डलमऊ जिला रायबरेली जिसे आधार कार्ड में अंकित किया जाए।

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सपनाबेन राजेंद्र भाई पटेल पुत्री श्री कान्ति भाई पटेल अपना नाम सपनाबेन राजेंद्र भाई पटेल को परिवर्तित करके सपना पटेल कर रही हूँ अत: भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु सपना पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **सपना पटेल पुत्री श्री कान्ति भाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

राजनीति

मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत न्याय यात्रा से ग्रामीणों को जोड़ा

# कांग्रेस की पदयात्रा से चुनावी सरगर्मी बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



महाराजपुर विधानसभा में निकाली गई पदयात्रा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला कांग्रेस कमेटी कानपुर नगर ग्रामीण द्वारा महाराजपुर विधानसभा के सरसौल ब्लॉक में न्याय संकल्प यात्रा निकालकर मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान चलाया गया, जिसमें सैकड़ों कांग्रेसी शामिल हुए। एक अर्से बाद महाराजपुर विस क्षेत्र में कांग्रेसी सरगर्मी दिखी। पदयात्रा में कांग्रेसी मनरेगा के सम्मान में कांग्रेस मैदान में, मनरेगा को बचाना है तो कांग्रेस को लाना है आदि नारे लगा रहे थे।

शनिवार को कांग्रेस ग्रामीण के जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला की अगुवाई में कांग्रेसी नारेबाजी करते हुए सरसौल स्थित महात्मा गांधी प्रतिमा पर पहुंचे और प्रतिमा पर माल्यार्पण करके सरसौल बाजार होते हुए भ्योली गांव में भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों से समस्याओं के बारे में जानकारी लेकर सूचीबद्ध किया। पदयात्रा में शामिल कांग्रेसी जहां भीड़भाड़ और बाजार देखते, वहीं नुक्कड़ सभा कर मनरेगा को समाप्त करने के दुष्परिणाम बताते और फिर आगे बढ़ जाते।

अर्से बाद सरसौल ब्लॉक में कांग्रेस की सक्रियता ने चुनावी माहौल को गर्मा दिया। कुछ लोग इस पदयात्रा को पंचायत चुनावों तो कुछ लोग इसे विधानसभा चुनावों से पहले का रिहर्सल मान रहे हैं। इस पदयात्रा ने महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र में सियासी हलचल पैदा कर दी है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने सरसौल की नुक्कड़ सभा में कहा कि कांग्रेस देश के मजदूरों और छोटे किसानों के हित में मनरेगा योजना लाई थी, जिसे भाजपा की मोदी सरकार ने खत्म करने की साजिश रची है, लेकिन राहुल गांधी के सिपाही इस कुत्सित प्रयास को कतई सफल नहीं होने देंगे।

पदयात्रा में सरसौल ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश शुक्ला, आनंद वर्मा, राजू कश्यप, देवी प्रसाद निषाद, करुणा शंकर शुक्ला, प्रदीप बाजपेई, शक्ति पांडे, मदन गोपाल राखरा, जय शंकर द्विवेदी, वीरेंद्र चतुर्वेदी, अंकित कन्नौजिया,संदीप मिश्रा,कुलदीप तिवारी, अजय कुमार, मणि तिवारी, जेपी द्विवेदी, लोकेश श्रीवास्तव,अनिकेत मिश्रा, अमित पटेल, युवराज सिंह, तिलक चंद्र कुरील, विशांत यादव आदि शामिल थे।

## काव्य लेखन में अस्मिता निबंध में इंदू रहीं अव्वल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● हिन्दी काव्य एवं निबंध लेखन के विजेताओं का हुआ सम्मान

**अमृत विचार।** दीक्षांत समारोह के दौरान सीएसजेएमयू के स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को शनिवार को सम्मानित किया गया। इनमें हिन्दी काव्य लेखन एवं हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजेता शामिल रहे। विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्तिपत्र प्रदान किया गया।

समारोह के दौरान हिन्दी काव्य लेखन प्रतियोगिता में बीए ऑनर्स हिन्दी की छात्रा अस्मिता यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पार्थ सारथी मिश्रा द्वितीय स्थान पर रहे। मास्टर ऑफ कॉमर्स की छात्रा संदली गुप्ता को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। इसी तरह हिन्दी निबंध लेखन प्रतियोगिता में एमए हिन्दी की छात्रा इंदु सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीए ऑनर्स इकोनॉमिक्स की छात्रा रूचि गुप्ता द्वितीय तथा मोहिनीश त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. सर्वेश मणि त्रिपाठी ने कहा कि श्रेष्ठतम भाव और श्रेष्ठतम विचार अपनी भाषा में ही सर्वाधिक प्रभावी रूप से व्यक्त किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज निरंतर अपने विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का कार्य करता रहेगा। इस दौरान डॉ. सुमना विश्वास, डॉ. पूजा अग्रवाल, डॉ. ऋचा शुक्ला, डॉ. प्रभात गौरव मिश्रा, डॉ. लक्ष्मण कुमार, डॉ. प्रीति वर्धन दुबे, डॉ. अंजनी कुमार, डॉ. सुमित चौधरी सहित अन्य मोजूद रहे।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999




**इफ्तार**
रविवार शाम
सुन्नी: 6.21
शिया: 6.30

**सहरी**
सोमवार सुबह
सुन्नी: 4:54
शिया: 4:47

**पैग़म्बर मोहम्मद साहब ने फ़रमाया** : जिसने माह रमजान की 27 वीं रात सुबह होने तक इबादत में गुजार दी, वह मुझे तमाम रातों से ज्यादा पसंद है।

## शहर में आज



- **होली मिलन** : कांग्रेस के तत्वाधान में होली मिलन समारोह तिलक हाल में दोपहर तीन बजे।
- **मिलन समारोह** : कृष्ण धाम पार्वती बांग्ला रोड रानी घाट चौराहा तिलक नगर में होली मिलन शाम को 6 बजे।
- **होली मिलन** : रंगोली गेस्ट हाउस लाजपत नगर में होली मिलन समारोह शाम 5 बजे।
- **लोकार्पण** : युग दीधिचि देहदान संस्थान द्वारा जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में वेबसाइट का लोकार्पण दोपहर 2 बजे।

# महिला को जड़ा थप्पड़, दिल के रोगी बुजुर्ग फफक पड़े

## चकेरी में एजेंसी की महिलाकर्मी पर थप्पड़ मारने का आरोप, आक्रोशित भीड़ ने किया हंगामा, पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया

**गैस बनी आफत**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अपने कानपुर शहर में रसोई गैस सिलेंडर की कोई कमी नही है, लेकिन इसके बाद भी गैस एजेंसियों के बाहर लंबी लाइन टूटने का नाम नहीं ले रही है। चकेरी में एक गैस एजेंसी की महिलाकर्मी पर आरोप है कि उसने एक महिला उपभोक्ता को थप्पड़ जड़ दिया, जिससे जमकर हंगामा हुआ और पुलिस मौके पर पहुंची।

शनिवार को कई गैस एजेंसियों के बाहर जमकर हंगामा हुआ। चकेरी में एक महिला ने जहां गैस एजेंसी की महिला कर्मी पर थप्पड़ मारने का आरोप लगाया। चकेरी स्थित समृद्धि गैस एजेंसी पर जमकर हंगामा हुआ। यहां सुबह 5 बजे से ही सिलेंडर लेने वालों की लंबी लाइन लगी हुई थी। लाइन में लगे लोगों के मुताबिक वे सुबह करीब 6 बजे से ही लाइन में लगे थे। आरोप है कि जब उनका नंबर आने ही वाला था, तभी अचानक गैस एजेंसी की एक महिलाकर्मी आई और कुछ लोगों की बुकिंग कॉपियां वापस कर दीं। नाराज लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। यहां काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। घटना की जानकारी मिलते ही चकेरी पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया। वहीं सिलेंडर के लिए कई घंटे लाइन में लगे 73 साल के एक बुजर्ग विष्णु मिश्रा फफक पड़े और सिर पकड़कर बैठ गये। बुजुर्ग का कहना था कि वे दिल के मरीज हैं और सुबह 6 बजे से लाइन में लगे थे। शनिवार को गैस सिलेंडर के चक्कर में सैकड़ों लोगों की छुट्टी निपट गई। वे सारा दिन गैस एजेंसी के बाहर लगने वाली लाइन में ही लगे रहे।



शनिवार को लाजपत नगर में गैस के लिए लंबी कतार लगी रही। अमृत विचार



जेके मंदिर के पास पुलिस की मौजूदगी में गैस सिलेंडर बांटे गए। अमृत विचार

### सिलेंडरों की कालाबाजारी, 4000 तक बेचे जा रहे

- कामर्शियल गैस सिलेंडर से लेकर घरेलू गैस सिलेंडर तक की कालाबाजारी हर दिन की तरह शनिवार को भी जारी रही। कामर्शियल गैस सिलेंडर 3500 रुपये से 4000 रुपये तक दुकानों पर ब्लैक में बेचे जा रहे हैं। घरेलू सिलेंडर की कालाबाजारी भी चल रही है लेकिन ये सिलेंडर उन्हीं को दिये जा रहे हैं, जिसे ब्लैकमेलर बहुत करीब से जानते हैं ताकि कोई खतरा नहीं हो।

### गैस की समस्या से पेंशनर्स भी हो रहे परेशान

- कानपुर। पनकी में शनिवार को विश्व कल्याण जनादेश कर्तव्यधिकार पारिवारिक कल्याण मंडल ट्रस्ट की बैठक हुई, जिसमे सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएल गुलाबिया ने बताया कि गैस की किल्लत से वरिष्ठ, पेंशनर्स व वृद्ध लोगों को काफी परेशानी हो रही है। गैस एजेंसियों के चक्कर काटने पड़ रहे है। एडवोकेट आरपी श्रीवास्तव ने कहा कि सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिया जाए कि 60 वर्ष से अधिक वरिष्ठ व पेंशनर्स को गैस ऑनलाइन या ऑफलाइन बुकिंग कर घरों पर भिजवाईं जाए। इस दौरान अशोक कुमार मिश्रा, बेचेलाल कुशवाहा, हीरालाल शर्मा, सुनील सुमन समेत आदि रहे।

# घंटाघर में चूल्हा, सिलेंडर के साथ प्रदर्शन, झड़प

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राज्यसभा सदस्य एवं यूपी प्रभारी संजय सिंह के निर्देश पर गैस समस्या पर शनिवार को आम आदमी पार्टी ने घंटाघर में भारत माता प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में खाली सिलेंडर, चूल्हा, कड़ाही, खाली बर्तन थे।

प्रदर्शन के दौरान पुलिस से झड़प भी हुई। सिलेंडर की कालाबाजारी बंद करो आदि नारे लगाये गये। कहा कि एलपीजी गैस की बढ़ी हुई कीमत और कमर्शियल गैस सिलेंडर की किल्लत से दुकानों, फैक्ट्रियों, ठेले और खोमचे वालों का व्यापार समाप्त हो चुका है, जिससे लाखों लोगों की रोजी-रोटी छिन चुकी है और सरकार कान में तेल डाले बैठी है। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष अनुज शुक्ला एवं संचालन मदन लाल भाटिया ने किया। नरेश चंद्र अग्रवाल, योगेश दीक्षित, जितेंद्र वर्मा, वसीमुद्दीन, मुकेश झा, शाहिद भाई, सौरभ रतन गुप्ता, रमा अवस्थी, पुष्पा सिंह, निशा निगम, कृष्णा प्रजापति, सरिता द्विवेदी, मुकेश झा, देवेश शुक्ला, उपेंद्र त्रिपाठी, गुंजन पांडे, जावेद मंसूरी, साजिद भाई, सुधीर शर्मा, संजीव निगम, मनीष गुप्ता, सुधीर सिन्हा आदि मौजूद थे।



घंटाघर में प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता। अमृत विचार

### ये प्रमुख मांगें उठाईं

- घरेलू गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि तत्काल वापस ली जाए।
- पेट्रोल और डीजल की कीमतों पर ठोस नीति लागू की जाए।
- गरीब और मध्यम वर्ग को गैस पर विशेष सब्सिडी दी जाए।
- महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार स्पष्ट और जवाब देह नीति घोषित करे।

## सिटी ब्रीफ

### सिलेंडर वितरण में पुलिस बनी बाधा

कानपुर। गैस की मारामारी के बीच आर्यनगर स्थित सोनकर गैस एजेंसी के उपभोक्ताओं को बड़ी परेशानी हो रही है। इसके पीछे स्वरूप नगर थाने के दरोगा जिम्मेदार हैं। गैस एजेंसी से जुड़े तरुण दिवाकर ने बताया कि दरोगा ने सिलेंडर लेकर आने वाले वाहन को हटवा दिया है। वितरण से रोक रहे हैं। उपभोक्ताओं को आजाद नगर गोदाम से गैस लेने जाना पड़ रहा है। इसीलिए एजेंसी संचालक ने डीएम और सांसद से दरोगा की शिकायत की है।

### क्षेत्रीय खाद्य कार्यालय आज भी खुले रहेंगे

कानपुर। जिला पूर्ति अधिकारी के अनुसार वर्तमान वैश्विक परिदृश्य एवं वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए रविवार को सामान्य कार्यदिवस की भांति मुख्यालय एवं सभी क्षेत्रीय खाद्य कार्यालय खुले रहेंगे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते सांसद रमेश अवस्थी। अमृत विचार

# हर गैस एजेंसी में तैनात किए जाएं दरोगा: सांसद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किसी को भी घरेलू गैस की कमी नहीं होनी चाहिए। गैस एजेंसियों की गतिविधियों पर प्रशासन पैनी नजर रखे और यह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक उपभोक्ता को गैस सिलेंडर उपलब्ध हो। कोई शिकायत आने पर गैस एजेंसी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

शनिवार को सांसद रमेश अवस्थी ने अपने आवास पर प्रशासनिक एवं पेट्रोलियम कंपनियों के अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में घरेलू गैस की उपलब्धता, वितरण व्यवस्था तथा समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (आपूर्ति) डॉ. राजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के एलपीजी प्रबंधक हिमांशु कुमार, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के सेल्स मैनेजर दीपांकर पारीक, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के सहायक प्रोडक्ट एलपीजी बिक्री अधिकारी ललित मोहन भट्ट मौजूद रहे। सांसद ने हर गैस एजेंसी पर सब इंस्पेक्टर तैनात करने को कहा।

## गैस समस्या के लिए कंट्रोल रूम पर ही करें संपर्क

**कानपुर।** कुछ गैस एजेंसी के कर्मचारी अपने व्यक्तिगत मोबाइल नंबर पर शिकायत करने की बात कर रहे हैं, लेकिन उपभोक्ता ये जान लें कि एलपीजी गैस शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम के लैंडलाइन नंबर 0512-2988763 तथा व्हाट्सएप नंबर 6394616122 पर ही संपर्क करें। इन दो नंबरों के अतिरिक्त कोई भी कंट्रोल रूम का नंबर नहीं है।

अपर जिलाधिकारी (सिविल सप्लाई) राजेश कुमार ने बताया कि घरेलू एवं कमर्शियल गैस सिलेंडर आपूर्ति में आने वाली बाधाओं के दृष्टिगत जनपद में एक कंट्रोल रूम/कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। उपभोक्ता एलपीजी गैस आपूर्ति से संबंधित अपनी शिकायतें लैंडलाइन नंबर 0512-2988763 तथा व्हाट्सएप नंबर 6394616122 पर दर्ज करा सकते हैं। दोनों नंबर पूर्णतः क्रियाशील हैं। कुछ कर्मचारियों के व्यक्तिगत नंबरों पर भी कॉल प्राप्त होने की जानकारी सामने आई है लेकिन पीड़ित इन दो नंबरों पर ही शिकायत करें।






**कारोबार धड़ाम** | युद्ध की वजह से भविष्य में मिलने वाले ऑर्डर पर भी गहराया संकट

# शहर से इजराइल जाने वाले लेदर उत्पाद रुके

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**15** सौ करोड़ का शहर से इजराइल को होता निर्यात

**90** फीसदी लेदर प्रोडक्ट शहर से इजराइल जाते हैं

### कारीगरों की रोजी-रोटी पर सीधा असर

- निर्यात प्रभावित होने के बाद शहर के लेदर सेक्टर युनिट से जुड़े कारीगरों पर भी सीधा असर पड़ा है। हालात यह है कि कारीगरों के पास लगातार काम की कमी हो रही है। इस स्थिति में कारीगरों को अब काम छिनने का भी खतरा मंडराने लगा है। हाल ही में अमेरिका की ओर से टैरिफ लगाए जाने के बाद कारीगरों पर टूटी मुसीबत दोबारा आने का अंदेशा बढ़ गया है।

**अमृत विचार।** ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के बीच शहर का निर्यात कारोबार प्रभावित हुआ है। खासतौर पर इजराइल को निर्यात होने वाले लेदर प्रोडक्ट पर पूरी तरह से रोक लग गई है। हालात यह है कि अब सुरक्षा के लिए उपयोग होने वाले लेदर सिक्योरिटी प्रोडक्ट भी नहीं जा पा रहे हैं। निर्यात विशेषज्ञों का मानना है कि इस युद्ध से भविष्य के ऑर्डर पर भी गहरा संकट खड़ा हो गया है।

शहर से इजराइल से लगभग 15 सौ करोड़ रुपये का निर्यात कारोबार होता है। इनमें सबसे अधिक 90 फीसदी लेदर सेक्टर से जुड़ा हुआ हैं। इनमें वहां के खरीदार लेदर के कई प्रोडक्ट जैसे घोड़े की जीन, बेल्ट, पर्स, लेपटॉप बैग व सेफ्टी प्रोडक्ट सबसे अधिक आयात करते हैं। युद्ध के बाद अब यह स्थिति बनी है कि सभी तरह के निर्यात कारोबार रुके हुए हैं। इनमें सबसे अधिक लेदर सेक्टर प्रभावित हुआ है।

लेदर सेक्टर में भी सेप्टी प्रोडक्ट के रुक जाने की वजह से निर्यातक सबसे अधिक चिंतित हैं। माना जा रहा है कि लगभग 4 सौ करोड़ रुपये का कारोबार सीधेतौर पर युद्ध से सिर्फ इजराइल का प्रभावित हुआ है। उधर निर्यातकों के लिए दोहरी मार यह है कि उनके भविष्य में मिलने वाले ऑर्डर पर भी बातचीत बंद हो गई है। ऐसे में उन ऑर्डर का भविष्य में मिलना भी अब निर्यातक दूर की कौड़ी मान रहे हैं। इनमें लेदर के फैशन प्रोडक्ट पर सबसे अधिक संकट माना जा रहा है। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑग्रनाईजेशन के सहायक निदेशक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि युद्ध की वजह से निर्यात कारोबार प्रभावित हुआ है। सबसे अधिक इजराइल का निर्यात प्रभावित हुआ है। युद्ध की वजह से वहां के खरीदार निर्यातकों से बातचीत करना भी कम कर चुके हैं।

**छोटे निर्यातक ऑर्डर का कर रहे इंतजार :** खाड़ी देशों में युद्ध से छोटे निर्यातक प्रभावित हुए हैं। इजराइल से सीधे निर्यात बंद हो जाने की वजह से छोटे निर्यातक अब अपने ऑर्डर के लिए इंतजार ही कर रहे हैं। ऐसे छोटे निर्यातक जिन्होंने हाल ही में इजराइल के खरीदारों की ओर से ऑर्डर हासिल किए थे उन्हें भी खरीदारों ने अगले आदेश तक रोके जाने की सूचना दे दी हैं।

## सिटी ब्रीफ

### स्वीट हाउस संचालक व सेनाकर्मी में मारपीट

**कानपुर।** सनिगवां के कुरियां निवासी सत्येंद्र कुशवाहा के अनुसार उनकी मुस्कान मिष्ठान व दूध भंडार के नाम से गणेशपुर में दुकान है। पीड़ित ने बताया कि बीते शुक्रवार की रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपने भाई राहुल व जितेंद्र के साथ दुकान में बैठे थे। तभी कृष्णा नगर निवासी सेनाकर्मी सौरभ यादव अपनी पत्नी व बच्चों के साथ दुकान पर आए। इस दौरान सौरभ अपने हाथ से रसमलाई निकालकर बच्चे को देने लगे। इस पर उनके भाई राहुल ने मना किया तो सौरभ ने मुंह पर रुपये फेंक दिए व गाली-गलौज की। विरोध पर आरोपी ने मारपीट कर तोड़फोड़ की। वहीं सेनाकर्मी सौरभ यादव का आरोप है कि जब उन्होंने बच्चे को रसमलाई उठाकर दी तो दुकानदार ने गाली-गलौज की। विरोध पर अपने दो साथियों के साथ मारपीट कर धमकी दी। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्र ने बताया कि क्रास रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### गलत इलाज से युवक की मौत का आरोप

**कानपुर।** सनिगवां के निजी अस्पताल में शनिवार की दोपहर युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर गलत इंजेक्शन लगाने से मौत होने का आरोप लगाकर हंगामा किया। पहुंची पुलिस ने परिजनों को कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया। सनिगवां निवासी 34 वर्षीय जुगुल किशोर बाइक मैकेनिक थे। उनके परिवार में पत्नी दीपाली वर्मा, बेटी दिव्या, टुकटुक और बेटा अभय है। जुगुल के छोटे भाई जीतू वर्मा ने बताया कि बीते गुरुवार देर रात को भाई को सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। जिसके चलते उन्हें सनिगवां स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने चेकअप के दौरान दावा किया था कि उनके भाई को शत प्रतिशत ठीक कर देंगे। जिसके बाद इलाज के लिए करीब तीस से चालीस हज़ार ले लिए गए। परिजनों ने बताया कि शनिवार दोपहर को अचानक डॉक्टरों ने जवाब देते हुए दूसरे अस्पताल ले जाने की बात कही। देखा तो भाई मृत अवस्था में मिला। इसके बाद परिजनों ने इलाज में लापरवाही और गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाकर हंगामा किया। सनिगवां चौकी प्रभारी भरत पाठक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई होगी।

### महिला होमगार्ड को प्रेमी ने जड़े थप्पड़

**कानपुर।** गोविंदनगर में मिल्क बोर्ड चौकी के पास खड़ी महिला होमगार्ड से उसके प्रेमी ने सरेराह मारपीट की। महिला को एक युवक से बातचीत करते देख थप्पड़ मारे। महिला से मारपीट होते देख आसपास मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप किया और आरोपी युवक को पकड़कर पिटाई करने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। बर्रा की महिला होमगार्ड का फतेहपुर के जहानाबाद निवासी युवक से प्रेम संबंध बताया जा रहा है। शनिवार शाम महिला होमगार्ड गोविंदनगर स्थित मिल्क बोर्ड चौकी के पास अपने प्रेमी का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान उसका एक रिश्तेदार युवक वहां पहुंच गया और वह चौकी के बगल में खड़े होकर उससे बातचीत करने लगी। तभी उसका प्रेमी भी वहां पहुंच गया। महिला को किसी दूसरे युवक से बात करते देख वह पहुंचा और बिना कुछ कहे थप्पड़ मारने लगा। रिश्तेदार ने विरोध कर हाथापाई की। लोगों ने महिला होमगार्ड से मारपीट करने पर आरोपी युवक को पकड़कर पीटा व पुलिस के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी रिकेश कुमार सिंह ने बताया कि महिला होमगार्ड के प्रेमी ने मारपीट की है। शांतिभंग में कार्रवाई की जा रही है।



दुर्घटनाग्रस्त बस से घायलों को निकालती पुलिस। अमृत विचार



हैलट अस्पताल में घायलों का हालचाल लेते प्राचार्य डॉ. संजय काला। अमृत विचार



आपातकालीन खिड़की से घायल महिला को निकालती पुलिस। अमृत विचार



क्रेन से क्षतिग्रस्त बस को हटवाया गया।

# ट्रेलर में घुसी टूरिस्ट बस, दो की मौत, 56 घायल

## एलीवेटेड हाईवे पर पनकी के सरायमीता के पास सुबह पांच बजे हुआ हादसा, आगे चल रहे ट्रेलर के टकराने से भिड़ी बस, तीर्थयात्रियों में मची चीख-पुकार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पनकी के सरायमीता के पास शनिवार तड़के पांच बजे तीर्थयात्रियों की चीख-पुकार मच गई। इटावा-कानपुर एलीवेटेड हाईवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार डबल डेकर बस मार्बल लदे खड़े ट्रेलर में पीछे से घुस गई। टक्कर इतनी जबदस्त थी कि बस के चालक केबिन के परखच्चे उड़ गए। सवार बस मालिक की मौके पर ही मौत हो गई व 56 तीर्थयात्री घायल हो गए। हाईवे पर दोनों लेन पर जाम लग गया। हादसे की खबर मिलते ही पुलिस, एनएचएआई, फायर ब्रिगेड टीम ने एंबुलेंस से घायलों को हैलट भेजा। दो तीर्थयात्रियों की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें आईसीयू में रखा गया है। सभी तीर्थयात्री महाराष्ट्र के नासिक जिले के ओझर के आसपास के रहने वाले हैं।

कानपुर-इटावा एलीवेटेड हाईवे पर सरायमीता के पास पंजाब नंबर का कंटेनर खड़ा था। उसके बगल से मार्बल लदा ट्रेलर निकला और आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। हादसे के बाद ट्रक तो निकल गया, लेकिन ट्रेलर वहीं खड़ा हो गया। इसी बीच इटावा की ओर से आ रही तीर्थयात्रियों से भरी तेज रफ्तार डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर उसी ट्रेलर से जा भिड़ी। अधिकारी चालक को झपकी आने के कारण हादसा होने की आशंका जता रहे हैं।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रेलर में लदे मार्बल पत्थर टूटकर बस में घुस गए। बस के आगे चालक केबिन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बस में 60 वर्षीय तीर्थयात्री भागीरथी व बस मालिक 54 वर्षीय मनोज सिंह आगे ही बैठे थे। मालिक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनोज को चिकित्सकों ने हैलट में मृत बता दिया। बाकी 56 तीर्थयात्रियों को हैलट में भर्ती कराया गया। ट्रेलर चालक जौनपुर निवासी कलमेश यादव ने बताया कि वह राजस्थान के कोटा से मार्बल लादकर बिहार के गोपालगंज जा रहे थे। तीर्थयात्रियों ने बताया कि बस गुरुवार शाम नासिक से निकली थी।

शुक्रवार दोपहर उन्होंने उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। इसके बाद उन्हें अयोध्या होते हुए नेपाल पशुपतिनाथ जाना था। हादसे की खबर पर पनकी थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरया, एनएचआई की रेस्क्यू टीम, मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा व परिवहन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। बड़ा हादसा होने की सूचना पर एक दर्जन से ज्यादा एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची। घायलों को एंबुलेंस से हैलट व कांशीराम ट्रामा सेंटर भेजा।



हैलट अस्पताल में भर्ती घायलों का हालचाल लेते पुलिस कमिश्नर रघुवीर लाल। अमृत विचार

### 10 दिन के टूर पर महाराष्ट्र के नासिक से निकले थे

- घायल तीर्थयात्रियों ने बताया कि गुरुवार को वह 10 दिन के टूर पर निकले थे। शुक्रवार को उज्जैन में महाकाल के दर्शन किए। दोपहर 12 .30 बजे वहां से निकले थे। रात डेढ़ बजे भिंड स्थित होटल में खाना खाया। शनिवार तड़के पनकी हाईवे पर चाय पी और आगे बढ़े थे, तभी आशंका है कि चालक को झपकी आने से हादसा हो गया। चालक ने कानपुर पार करने के बाद रेस्ट करने और दोपहर तक अयोध्या पहुंचकर राम लला के दर्शन करने की बात कही थी। चालक ट्रेलर को देख नहीं पाया और जब तक समझ पाता टकरा गया।

### स्टेयरिंग में फंसे चालक को निकाला गया

- फायर विभाग की टीम ने रेस्क्यू कर खिड़की से स्ट्रेचर अंदर डालकर तीर्थयात्रियों को किसी तरह बाहर निकाला। स्टेयरिंग के पास फंसे चालक को निकाला गया। क्रेन से बस का अगला हिस्सा खींचने पर फंसा चालक निकल सका। डरे-सहमे तीर्थयात्री बस से बाहर निकलते ही एक दूसरे का हालचाल पूछने लगे। गंभीर घायलों को तत्काल एंबुलेंस से कल्याणपुर सीएचसी भेजा गया। वहां इलाज के बाद हैलट पहुंचाया गया।

### हादसे में ये तीर्थयात्री घायल हुए

- हादसे में शोभा तुकाराम, सुशीला रस्कर, अरुणा, शालिनी, मुरलीधर, शांता, ऊषा, शैला, रेखा सुतर, विद्या सावंत, शालिनी, वैशाली, नर्मदा, सरला, भास्कर, हीराबाई, ताराबाई, तुकाराम, ननकी, नंदाकिनी, विलास, नंदू, इराबाई, संगीता, चिंदू, सूरज, सत्यभामा, गंसूबाई, प्रमिला, रामभाऊ, सुमनबाई, सारिका राम, मुद्रा राधे श्याम पुरकुडे, सलोनी, शोभा, जयश्री, संजय चौधरी, मीरा, श्याम राव, कमल, पुपत, ममदा, अलका, परमेला, सारेका, रानी, शकुंतला, वैशाली और पुष्पा शामिल हैं। इन सभी घायलों को आर्थो, सर्जरी और न्यूरो वार्ड में चिकित्सकों की देखरेख में भर्ती कराया गया है। वहीं चार घायलों को कांशीराम ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। जिसमें इंदुबानी, वंदना, बाबा साहेब और यशोदा हैं।

### एडीसीपी ने मराठी भाषा में पूछा हाल, रो पड़ी महिला

- एडीसीपी स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) सुमित सुधाकर रामटेके महाराष्ट्र के यवतमाल जिले के रहने वाले हैं। हादसे में घायल सभी महाराष्ट के नासिक जिले के ओझर आसपास के रहने वाले हैं। हादसे की सूचना पर पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल, डीसीपी सेंट्रल अतुल कुमार श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी, जीएसवीएम मेडिकल कालेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला घायलों को देखते पहुंचे। घायलों से बातचीत में उनकी भाषा से समझने में दिक्कत हुई तो पुलिस कमिश्नर ने एडीसीपी सुमित सुधाकर रामटेके से मराठी में बातचीत करके उनका हालचाल पूछने का कहा। इस पर एडीसीपी ने सभी घायलों का हालचाल लिया। बातचीत में महिला समेत कई घायल अपना दर्द बातकर रो पड़े।

### पुलिस की लापरवाही से हाईवे पर खड़े होते वाहन

- शासन-प्रशासन से लेकर मीटिंग में हादसे रोकने के दिशा निर्देश दिए जाते हैं। इसके बाद भी थाना पुलिस की लापरवाही से सड़क और हाईवे के किनारे वाहन खड़े हो रहे हैं। दूसरी ओर एनएचएआई (नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया) भी पल्ला झाड़कर किनारे हो जाता है।

### हाईवे किनारे सी-कर्व पर हुई थी 17 की मौत

- हाईवे पर वाहनों को हटाने के आदेश कागजों में ही दम तोड़ देते हैं। गौर करें तो 8 जून 2021 को दिल्ली जा रही टूरिस्ट बस सचेंडी के सी-कर्व पर खड़े डीसीएम से टकरा गई थी। तभी गलत दिशा से आ रहे टेंपो बस की चपेट में आ गया था। इस हादसे में 17 लोगों की मौत हुई थी। वहीं जनवरी 2023 में बारात के बाद रिश्तेदारी में फतेहपुर जा रहा कार सवार परिवार छिवली नदी के पास खड़े डीसीएम से टकरा गया था। परिवार के पांच लोगों की मौत हुई थी। ट्रैफिक विभाग के आंकड़ों की माने तो 2023 में सचेंडी से लेकर महाराजपुर तक खड़े वाहनों की वजह से 67 हादसे हुए। जिनमें 54 लोगों की जान गई। 2024 में 79 हादसों में 34 लोगों ने दम तोड़ा। 2025 में हादसों की संख्या बढ़कर 103 हो गई, जिसमें 69 लोगों ने दम तोड़ा।

> नासिक से तीर्थयात्रियों को लेकर निकली टूरिस्ट बस के हादसे में दो यात्रियों की मौत हुई है, जबकि बस में सवार 56 घायलों को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके परिजनों को सूचना दी गई है। हाईवे से वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल करा दिया गया है। हादसे की जांच कराई जाएगी।
>
> – एसएस कासिम आबिदी, डीसीपी पश्चिम



# बस खरीदकर लोगों को दर्शन कराने निकला था बस स्वामी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- उज्जैन में दर्शन करने के बाद अयोध्या जा रही थी बस
- रामलला के दर्शन करने के बाद वहां से जाना था नेपाल

**अमृत विचार।** इसे अनहोनी ही कहेंगे कि नासिक निवासी मनोज ने डबल डेकर बस खरीदी और पूरे कस्बे को कई धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के लिए पूरे कस्बे के लोगों को लेकर निकल पड़ा लेकिन उसे क्या पता था कि ये उसकी आखिरी यात्रा होगी।

कानपुर के संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव ने पीटीओ दीपक एवं एआरटीओ प्रवर्तन कहकशां खातून के साथ पनकी स्थित बस हादसे के स्थान पर मुआयना किया और बस के कागजात चेक किया। आरटीओ ने बताया कि कंटेनर HR55AX7101 किसी अज्ञात वाहन से सामने से टकरा गया। टक्कर के बाद चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे पीछे चल रहा ट्रेलर UP45AT9115 कंटेनर से टकरा गया। इसके बाद पीछे आ रही डबल डेकर बस AR20C1811 ट्रेलर से टकरा गई। मृतकों में बस स्वामी नासिक निवासी विनोद यादव उर्फ मनोज शामिल है।

संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव अपनी टीम के साथ हैलट हॉस्पिटल भी पहुंचे और घायलों के बयान दर्ज किये। संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि बस के कागजात पूरे थे। एक माह पहले ही मनोज ने इस बस को खरीदा था और पूरे कस्बे के लोगों को लेकर पहले उज्जैन दर्शन कराया और फिर वहां अयोध्या के बाद नेपाल जाना था। अयोध्या जल्दी पहुंचने के चक्कर में बस की रफ्तार काफी अधिक थी, जिससे अचानक कंट्रोल कर पाना मुमकिन नहीं था।

### नासिक डीएम ने कानपुर के डीएम से बात की

- इस प्रकरण में नासिक के जिलाधिकारी आयुष प्रसाद द्वारा कानपुर नगर के जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से संपर्क किया गया। सूचना प्राप्त होते ही जिलाधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर भेजकर घायलों के त्वरित उपचार तथा राहत व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराईं। अपर जिलाधिकारी (नगर) राजेश कुमार द्वारा हैलट अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया गया और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की गई।

## 3.42 करोड़ की ठगी का आरोप

**कानपुर।** कोतवाली में व्यवसायी विकास मल्होत्रा एवं विस्टा डिस्ट्रीब्यूटर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक ने रियल एस्टेट कंपनी एसोटेक लिमिटेड के निदेशकों पर 3.42 करोड़ रुपये की ठगी करने की रिपोर्ट लिखाई है।

व्यवसायी विकास मल्होत्रा के अनुसार उन्होंने एसोटेक लिमिटेड के निदेशकों के खिलाफ 2023 कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। कंपनी ने उन्हें बेचे गए फ्लैटों को रेरा अथॉरिटी के आदेश के बावजूद अन्य लोगों को बेच दिया। ब्याज की रकम भी नहीं दी। 10 जनवरी 2024 को कंपनी के संजीव श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, आदित्य श्रीवास्तव, एनाक्षी प्रियम निवासी नोएडा और अचल शर्मा निवासी ग्रेटर नोएडा उनके लैंडमार्क होटल स्थित कार्यालय पहुंचे। ब्याज के भुगतान के नाम पर 3 करोड़ 42 लाख 31 हजार 314 रुपये के लिए 12 चेक दिए। जब उन्होंने चेक बैंक में जमा की तो बाउंस हो गई।

# रंगदारी मांगने वाला भेजा गया जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुजैनी पुलिस ने रंगदारी देने से मना करने पर रेस्टोरेंट संचालक को कार की खिड़की में फंसाकर घसीटने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस ने मूलरूप से हमीरपुर के झलोखर निवासी यशू कुमार उर्फ यश कुमार प्रजापित को पांडुनदी पुल के पास से दबोचा है, जो मौजूदा समय में जरौली फेस-टू में रहता है।

बर्रा आठ निवासी रंजीत सिंह का रामगोपाल चौराहा पर सूरज स्वीट हाउस एंड रेस्टोरेंट है। रेस्टोरेंट में उनके साथ बेटा आदर्श कुमार भी बैठता है। बीते बुधवार देर रात रेस्टोरेंट बंद कर आदर्श बाहर खड़ा था, तभी आरोपी यशू कुमार एक्सयूवी कार से पहुंचा। आदर्श से कहा कि होली में ज्यादा कमाई की है। इसके बाद उससे रंगदारी मांगी। आदर्श के रंगदारी देने से मना किया तो आरोपी ने मारपीट की और फिर उसका हाथ खींच कर खिड़की का शीशा ऊपर कर लिया। आदर्श को करीब 100 मीटर तक घसीटा। रेस्टोरेंट के कर्मचारियों ने खदेड़ा तो आरोपी शीशा नीचे करके आदर्श को छोड़कर भाग निकला। गुजैनी थाना प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर और सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर मुकदमा दर्ज करके आरोपी की कार पहले ही जब्त कर ली थी। शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- युवक का हाथ कार की खिड़की में फंसाकर उसे घसीटा था

### हिस्ट्रीशीटर ने मांगी 10 लाख की रंगदारी, धमकाया

- **कानपुर।** बर्रा में प्लाट पर निर्माण कराने के बदले में हिस्ट्रीशीटर व पूर्व पार्षद ने 10 लाख की रंगदारी मांगी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि रंगदारी देने से मना करने पर आरोपियों ने साथियों के साथ मिलकर जानलेवा हमला किया। पुलिस ने जांच शुरू की है। रतनलाल नगर निवासी अभिषेक उर्फ राहुल सक्सेना ने बताया कि जुलाई 2025 में बर्रा सात स्थित प्लाट संख्या बी-आठ केडीए से खरीदा था। केडीए ने उक्त प्लाट को रिसेल प्रक्रिया के तहत बेचा था। आरोप है कि रजिस्ट्री के बाद से क्षेत्र का हिस्ट्रीशीटर व पूर्व पार्षद विष्णु कुमार यादव उर्फ पंगू यादव प्लाट पर निर्माण कराने नहीं दे रहा था। निर्माण से पहले दस लाख रुपये रंगदारी देने की डिमांड की थी। उन्होंने रंगदारी देने से मना किया तो 28 फरवरी की रात करीब 10 बजे विष्णु कुमार यादव अपने बेटे शिवा यादव, दिनेश यादव उर्फ दिन्ने, उमेश यादव, सुरेश यादव, मैनू यादव, विजय यादव और तीन-चार अज्ञात के साथ उनके प्लाट पर आए। प्लाट में जबरन घुसने का प्रयास किया। विरोध पर आरोपियों ने उन पर जानलेवा हमला किया। शोर सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो जान से मारने की धमकी देकर चले गए। आरोप है कि हमले की सूचना पुलिस को दी थी, उसके बाद भी हिस्ट्रीशीटर पुलिस के सामने भाग निकला। कार्यवाहक थानाप्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच व गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

# निजी विवि के तीन पूर्व कर्मचारियों की जांच तेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बिचौलिया विनीत राय ने तीनों के संपर्क में होने की दी थी जानकारी

**अमृत विचार।** बिना प्रवेश व परीक्षा फर्जी डिग्री बांटने वाले गिरोह के बिचौलिए से जुड़े एनसीआर के निजी विवि के तीन पूर्व कर्मचारियों की तलाश अब तेज हो गई है। यह कर्मचारी नोएडा, हापुड़ व अलीगढ़ के बताए जा रहे हैं। जेल भेजे गए नोएडा के बिचौलया विनीत राय उर्फ वीके ने एसआईटी की पूछताछ में तीनों से संपर्क होने का खुलासा किया था। तीनों के बारे में जानकारी जुटाने तीन टीमें शहर से रवाना हो चुकी हैं। टीमें आरोपियों के बैंक खाते, कॉल डिटेल आदि जानकारी जुटाएंगी। कई टीमें झारखंड, मणिपुर व सिक्किम के विश्वविद्यालयों में जाकर दस्तावेजों का सत्यापन कर रही हैं।

नौ राज्यों के 14 विश्वविद्यालयों में फैले फर्जी डिग्री बांटने वाले सिंडिकेट नेटवर्क की तेजी से टीमें पड़ताल कर रही है। किदवईनगर पुलिस ने 18 फरवरी को जूही गोशाला चौराहा स्थित शैल ग्रुप ऑफ एजुकेशन के कार्यालय में छापा मारकर फर्जीवाड़े का खुलासा किया था। छापेमारी में पुलिस को इन विश्वविद्यालयों और यूपी माध्यमिक शिक्षा परिषद की एक हजार से अधिक मार्कशीट और डिग्रियां मिली थीं। जिसमें बीटेक, एमटेक, बीफार्मा, डीफार्मा, एलएलबी सहित कई कोर्स की डिग्रियां थीं। पुलिस ने सरगना शैलेंद्र कुमार ओझा, उसके साथी नागेश मणि त्रिपाठी, जोगेंद्र और अश्वनी कुमार सिंह को जेल भेजा था।

विद्वानों का मत

सीएसजेएमयू में 'हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष' विषयक संगोष्ठी

# मीडिया के लिए एआई की सबसे बड़ी चुनौती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हिन्दुस्तानी एकेडमी प्रयागराज व रामसहाय राजकीय महाविद्यालय की ओर से शुक्रवार को सीएसजेएमयू में संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी में 'हिंदी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष' विषय पर विद्वानों ने विचार रखे। दो दिवसीय संगोष्ठी के पहले दिन मीडिया के लिए एआई को सबसे बड़ी चुनौती बताया गया।

संगोष्ठी में मुख्य अतिथि कुलपति सीएसजेएमयू प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि पत्रकारिता का मूल उद्देश्य सत्य एवं निष्पक्ष जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने वर्तमान समय में मीडिया की बदलती प्रकृति, तकनीकी हस्तक्षेप, बाजारवाद तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते प्रभाव को पत्रकारिता के लिए चुनौतीपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य में तकनीक के साथ मानवीय संवेदनशीलता और नैतिक मूल्यों का संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक होगा।

प्रो. (डॉ.) दिलीप सरदेसाई एवं प्रो. (डॉ.) शशि कपूर ने भी विषय की सामयिकता पर बल दिया और विद्यार्थियों को जिम्मेदार एवं मूल्यनिष्ठ पत्रकारिता की दिशा में प्रेरित किया। सरस्वत वक्ता के रूप में पद्मश्री विजय दत्त, निदेशक, माधवराव सप्रे स्मृति समाचार पत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान, भोपाल ने हिंदी पत्रकारिता के विकास की समयरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि पूर्वकाल में सीमित संसाधनों के बावजूद पत्रकारिता अत्यंत प्रभावशाली थी, जबकि आज संसाधनों की प्रचुरता के बावजूद प्रभावशीलता में कमी दिखाई देती है। उन्होंने पत्रकारिता को समाज को दिशा देने वाली सशक्त शक्ति बताया।

इसी तरह प्रमुख वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार फिरोज नकवी ने कहा कि पत्रकारिता का मूल स्वरूप सत्य की खोज और जनपक्षधरता रहा है। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के शोधार्थी ने 'हिन्दी की क्रांतिकारी पत्रकारिता' विषय पर अपना शोध-पत्र प्रस्तुत किया। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक, लोकसभा एवं राज्यसभा से संबद्ध अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि ब्रिटिश शासनकाल में कई रियासतों ने 'प्रताप' जैसे निर्भीक समाचार पत्रों पर प्रतिबंध लगाए, क्योंकि वे जनता की आवाज़ को निर्भीकता से उठाते थे।



संगोष्ठी को संबोधित करते अतिथि। अमृत विचार

# अवसाद के चलते युवक ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हनुमंत विहार में जीभ के कैंसर का ऑपरेशन के बाद अवसाद से पीड़ित युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। शव फंदे से लटका देखकर परिजनों में कोहराम मच गया।

योगेंद्र विहार निवासी 33 वर्षीय चंद्र प्रकाश मजदूरी करते थे। पिता रामचंद्र भी मेहनत-मजदूरी करते हैं। परिवार में तीन भाई ओम प्रकाश, सूर्य प्रकाश व राहुल हैं। परिजनों ने बताया कि चंद्र प्रकाश को जीभ का कैंसर था। जिसका बीती 31 जनवरी को ऑपरेशन हुआ था। उसके बाद वह तनाव में रहने लगा था। दिनभर गुमशुम रहने लगा था। दो-तीन दिन से किसी से बात भी नहीं कर रहा था। डिप्रेशन के चलते शुक्रवार रात को खाना खाने के बाद उसने देर रात चादर से फांसी लगाकर जान दे दी। शव फंदे से लटका देखकर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। सूचना पर पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की और शव फंदे से उतरवा कर पोस्टमार्टम भेजा। पुलिस ने भी डिप्रेशन की वजह कैंसर बताया।

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

- **कानपुर।** हनुमंत विहार के खाड़ेपुर निवासी छोटेलाल का 28 वर्षीय बेटा अशोक सोनकर प्लंबर था। परिवार में मां कुसुमादेवी, तीन भाई पुत्तन, चंद्रपाल व रवि हैं। रवि ने बताया कि शुक्रवार रात खाना खाकर अशोक सोया था, सुबह मृत मिला। सीने पर चोटों के निशान थे। वह जहां काम करता था, वहां उसके साथ मारपीट हुई थी।

## सिटी ब्रीफ

### सपा कार्यालय में आज मनाई जाएगी जयंती

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित सपा के नगर और ग्रामीण कार्यालय में रविवार को मान्यवर कांशीराम की जयंती पीडीए दिवस के रूप में मनाएगी। इसके लिए सपा जिले के सभी बूथों पर कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। साथ ही उनके द्वारा दिए गए योगदानों को याद कर लोगों को अवगत कराएंगे।

### पिछड़ा वर्ग कल्याण की योजनाओं की समीक्षा

**कानपुर।** डॉ. सन्त राम, ज्येष्ठ मूल्यांकन अधिकारी, नियोजन विभाग उ.प्र. शासन की अध्यक्षता में दो सदस्यीय मूल्यांकन दल द्वारा पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति, दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना, शादी अनुदान योजना तथा कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के क्रियान्वयन एवं प्रभाव की समीक्षा की गई। इसी क्रम में शादी अनुदान योजना के अंतर्गत विकासखण्ड बिल्हौर एवं नगर क्षेत्र सदर के ग्राम रहीमपुर करीमपुर, अईमापुरा, सैबसू उत्तरी, त्रिवेणीगंज, नसीरापुर, दरियापुर, हलपुरा, रौगाँव तथा मो. सराय पनकी सहित विभिन्न स्थानों पर 20 लाभार्थियों से मिलकर योजना की उपयोगिता एवं आवेदन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी ली गई।

### एक अप्रैल से पुणे-गोरखपुर विशेष ट्रेनें

**कानपुर।** रेलवे प्रशासन ने पुणे से गोरखपुर के मध्य विशेष ट्रेन संचालित करने की घोषणा की है। इस ट्रेन में 01 एसी द्वितीय, 06 स्लीपर, 04 सामान्य, 05 एसी तृतीय एवं 2 डिब्बे पार्सल के होंगे। गाड़ी संख्या 01415 पुणे से 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रातः 6.50 बजे रवाना होगी। कानपुर सेंट्रल प्रातः 8.35 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01416 गोरखपुर से 2 अप्रैल से 1 मई तक सायं 5.30 बजे रवाना होगी। कानपुर सेंट्रल रात 00.20 बजे, पुणे रात 3.15 बजे पहुंचेगी।

### लोकमान्य टर्मिनल से बनारस के लिए ट्रेन

**कानपुर।** होली पर भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने लोकमान्य तिलक टर्मिनल (मुंबई) से बनारस के लिए साप्ताहिक ट्रेन चलाने की घोषणा की गई है। इस गाड़ी में 9 स्लीपर, 1एसी द्वितीय, 4 सामान्य, 6 एसी तृतीय एवं 2 पार्सलयान होंगे। गाड़ी संख्या 01073 लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 15 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रत्येक बुधवार एवं गुरुवार को दोपहर 12.15 बजे रवाना होगी। नासिक दोपहर 3.12 बजे, भुसावल सायं 7.10 बजे, बीना प्रातः 5.20 बजे, गोविंदपुरी दोपहर 2.40 बजे, सूबेदारगंज सायं 5.50 बजे एवं बनारस रात 11.23 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01074 बनारस से प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार 17 अप्रैल से 2 मई तक प्रातः 5.30 बजे रवाना होगी।

# एक अप्रैल से टोल पर बंद होगा कैश पेमेंट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- समय की बचत और कतारों की समस्या में आएगी कमी
- ईंधन की बचत होगी और प्रदूषण में भी कमी आएगी

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर के दौरान रास्ते में पड़ने वाले टोल प्लाजा पार करने पर अब नकद भुगतान नहीं लिया जाएगा। यह व्यवस्था सभी टोल प्लाजा में एक अप्रैल से लागू होगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से जारी नए नियमों के तहत एक अप्रैल से टोल प्लाजा पर सिर्फ फास्टैग से ही भुगतान होगा। अगर फास्टैग किसी वजह से काम नहीं कर रहा है तो वाहन चालक यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान कर सकेंगे।

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण इलेक्ट्रानिक टोल संग्रह प्रणाली को और मजबूत करने व लेन संचालन की दक्षता बढ़ाने के लिए एक अप्रैल से टोल के नियमों में बदलाव करेगा। टोल प्लाजा पर टोल शुल्क का संग्रह पूरी तरह डिजिटल माध्यम से किया जाएगा और भुगतान केवल फास्टैग और यूपीआई के जरिए ही संभव होगा। एनएचएआई के मुताबिक इस व्यवस्था से डिजिटल भुगतान से लेनदेन में पारदर्शिता बढ़ेगी। समय की बचत होगी और लंबी कतारों की समस्या में कमी आएगी। पिछले कुछ वर्षों में फास्टैग प्रणाली की वजह से टोल वसूली की प्रक्रिया में बड़ा बदलाव आया है। वर्तमान में अधिकांश टोल लेन-देन फास्टैग के माध्यम से हो रहे हैं। एनएचएआई के परियोजना निदेशक पंकज यादव के मुताबिक रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) आधारित इस प्रणाली से वाहनों को बिना रुके टोल पार करने की सुविधा मिलेगी, जिससे ईंधन की बचत और प्रदूषण में भी कमी आएगी। साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाजा पर यूपीआई आधारित भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध होगी। जिन वाहनों में फास्टैग नहीं है, वह भी डिजिटल माध्यम से भुगतान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने और नकदी पर निर्भरता कम करने की व्यापक नीति के तहत इस व्यवस्था को आगे बढ़ा रही है। वहीं, डिजिटल भुगतान से हर लेन-देन का स्पष्ट रिकॉर्ड रहेगा।

### बिना फास्टैग वसूला जाता दोगुना शुल्क

- राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थापित टोल प्लाजा पार करने के लिए अगर फास्टैग किसी वजह से सक्रिय नहीं होता है तो ऐसे में अभी टोल देने के लिए तय यूजर शुल्क के बजाए दोगुना भुगतान देना पड़ता है। जबकि अभी यूपीआई के माध्यम से भुगतान करने पर वास्तविक शुल्क का 1.25 गुना ही लिया जाता है। एनएचएआई का मानना है कि पूरी तरह से डिजिटलीकरण से टोल प्रणाली अधिक विश्वसनीय, पारदर्शी और यात्री-अनुकूल बनेगी। वहीं, टोल प्लाजा पर अब कोई फिजिकल बैरियर नहीं होगा। वाहन बिना रुके हाईवे स्पीड पर ही टोल क्षेत्र से गुजर सकेंगे और टोल शुल्क अपने आप डिजिटल तरीके से कट जाएगा




# सिरोसिस से दिल और गुर्दा को खतरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


आईएमए सभागार में आयोजित हुआ सीएमई प्रोग्राम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कार्डियो-रीनल-हेपेटिक अक्ष हृदय, गुर्दे और लिवर के बीच के जटिल अंतर्संबंध होता है, जहां एक अंग की खराबी दूसरे को भी प्रभावित करती है। यह अक्ष चयापचय सूजन, हेमोडायनामिक असामान्यताएं और न्यूरोहार्मोनल सक्रियण के माध्यम से कार्य करता है, जो संयुक्त रूप से प्रणालीगत विफलता का कारण भी बन सकता है। यह जानकारी आईएमए में लखनऊ, एसजीपीजीआई से आए हेपेटोलॉजिस्ट व गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट डॉ.गौरव पांडे ने जानकारी दी।

परेड स्थित आईएमए सभागार में शनिवार को एक सीएमई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ.गौरव ने बताया कि यह अक्ष बताता है कि कैसे क्रोनिक लीवर डिजीज (सिरोसिस) हृदय की कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकता है, जो आगे चलकर गुर्दे की विफलता का कारण बनता है। इससे बचाव के लिए धूम्रपान व शराब का पूर्ण त्याग, कम नमक, संतुलित आहार, मधुमेह और रक्तचाप का नियंत्रण जरूरी है। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ.अवधेश कुमार शर्मा ने हृदय रोग से बचाव की जानकारी दी। कहा कि स्वस्थ दिल के लिए पौष्टिक आहार और नियमित योग अनिवार्य है। तनावमुक्त रहने व पर्याप्त नींद लेने से दिल अच्छी तरह काम करता है। जंक फूड व फास्ट फूड से परहेज करना चाहिए। आईएमए अध्यक्ष डॉ.अनुराग मेहरोत्रा ने बताया कि सीएमई का उद्देश्य डॉक्टरों को नई शोध, आधुनिक उपचार पद्धतियों व समन्वित देखभाल के महत्व से अवगत कराना रहा, ताकि बेहतर परिणाम प्राप्त किए जा सकें। यहां डॉ. विकास सेंगर वैज्ञानिक सचिव डॉ.दीपक श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव डॉ. गुल्सगुफ्ता, चेयरपर्सन डॉ.अर्चना भदौरिया, चेयरपर्सन डॉ. एसी अग्रवाल, उपाध्यक्ष डॉ. प्रीति आहूजा, डॉ. विशाल सिंह,डॉ. कुश पाठक समेत आदि लोग रहे।

# विजय नगर-भौती बाईपास फोर लेन का निर्माण शुरू

## विजय नगर चौराहे के आगे से शुरू हुआ चौड़ीकरण, जाम से मिलेगा छुटकारा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** विजय नगर चौराहा से भौती बाईपास तिराहे तक लगने वाले जाम से लाखों लोगों को छुटकारा दिलाने के लिए मार्ग को फोरलेन करने का काम शुरू हो गया। शासन से बजट पास होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने चौड़ीकरण का कार्य शुरू किया। वर्तमान में यहां पर सड़क के किनारे खोदाई का कार्य किया जा रहा है और बुलडोजर व रोलर से गिट्टी आदि का समतलीकरण का कार्य शुरू हो गया है।

कालपी रोड पर प्रतिदिन एक लाख से अधिक वाहनों का आवागमन होता है। जिसमें सरकारी व निजी बसें, ट्रक, डंपर, कंटेनर समेत छोटे वाहन भी शामिल होते हैं। इस मार्ग के दोनों तरफ ट्रक व बस चालकों ने भी कब्जा कर रखा है और कुछ दुकानें भी सजी रहती हैं। इसलिए विजय नगर से भौती बाईपास तिराहे तक वर्तमान में 14 मीटर चौड़ी सड़क पर जाम के हालात बने रहते हैं। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग ने इस मार्ग को फोरलेन बनाने का प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा था, जिस पर शासन की मुहर लग गई है।

शासन की वित्त व्यय समिति ने प्रस्ताव को स्वीकार कर 14.65 करोड़ रुपये की स्वीकृति विभाग को दे दी है। स्वीकृति मिलने पर लोक निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी करते हुए विजय नगर से सड़क को फोरलेन करने का कार्य शुरू कर दिया है।

वर्तमान में यहां पर विजय नगर चौराहे के आगे सड़क किनारे जेसीबी से खोदाई का कार्य किया जा रहा है। मजदूरों द्वारा खोदे गए मार्ग पर सड़क निर्माण के लिए गिट्टी आदि मिटिरियल डाला जा रहा है और रोड रोलर से फिर उसका समतलीकरण किया जा रहा है। अधिशीसी अभियंता अनूप कुमार मिश्रा के मुताबिक कालपी रोड पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य शुरू है। सड़क दोनों साइड से तीन-तीन मीटर चौड़ी की जाएगी।


विजय नगर चौराहे के पास सड़क चौड़ीकरण शुरू हुआ। अमृत विचार

### अर्मापुर नहर पुल के किनारे कब्जा

- विजय नगर से अर्मापुर नहर पुल की ओर बढ़ने पर कुछ लोगों ने कब्जा कर रहा है, इसके अलावा न सिर्फ फुटपाथ पर, बल्कि फुटपाथ के नीचे सड़क तक फल व खाद्य सामग्री की दुकानें सजी रहती है, जो जाम का मुख्य कारण बनती है। वहीं, वर्तमान में यह दुकानदार फोरलेन सड़क के निर्माण कार्य में भी दखल दे रहे हैं। वहीं, कुछ लोगों ने तो अपनी दुकाने निर्माण स्थल पर भी सजी ली हैं। पनकी पड़ाव पर अतिक्रमण ज्यादा है।

**14.65** करोड़ रुपये से चौड़ीकरण का काम होगा

**22** मीटर हो जाएगी अब सड़क की चौड़ाई

**14** मीटर है अभी इस मार्ग की चौड़ाई



सड़क चौड़ीकरण के लिए दो बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी और इस संबंध में ज्ञापन दिया था। उन्होंने जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव को स्वीकृत किया और निर्माण कार्य शुरू हुआ।

**-सुरेंद्र मैथानी, विधायक गोविंद नगर**



कालपी रोड फोरलेन हो सके, इसलिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से वार्ता की गई और मुख्यमंत्री से भी मुलाकात कर चर्चा की थी, जिसके बाद इसका निर्माण कार्य शुरू हुआ, जिसका लाभ जनता को मिलेगा।

**- रमेश अवस्थी, सांसद**


निरीक्षण करते अधीक्षण अभियंता अनिल मृगेंद्र। अमृत विचार

## सिकंदरा-चौडगरा हाईवे के निर्माण के लिए छह कंपनियां सामने आईं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सिकंदरा से भोगनीपुर के रास्ते घाटमपुर होते हुए चौडगरा जाने वाले हाईवे के चौड़ीकरण की कवायद तेज हो गई है। छह कंपनियों ने इसके लिए टेंडर डाले हैं। अब इनमें से जो कंपनियां उप्र राज्य राजमार्ग प्राधिकरण के मानक पर खरी होंगी उन्हें टेंडर डालने की अनुमति दी जाएगी।

यह हाईवे दो हजार करोड़ रुपये की लागत से प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के तहत बनेगा। प्राधिकरण के अधीक्षण अभियंता अनिल मृगेंद्र ने शनिवार को कंसलटेंट के क्वालिटी इंजीनियर और सर्वे इंजीनियर के साथ मौके का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि जो पुलिया जर्जर हो गई हैं उन्हें नए सिरे से बनाया जाए। साथ ही दुर्घटना बहुल स्थलों पर मार्ग का निर्माण ऐसा किया जाए कि हादसे न हों। पहले भोगनीपुर से घाटमपुर होते हुए चौडगरा तक सड़क फोर लेन होना था, लेकिन सांसद देवेंद्र सिंह भोले की पहल पर तय किया गया कि सड़क को सिंकदरा से फोर लेन किया जाएगा। इस मार्ग का निर्माण पीपीपी मॉडल पर होना है। जो कंपनी निर्माण करेगी वही टोल वसूलेगी। इसके निर्माण में सरकार बजट नहीं देगी। फिलहाल निर्माण की इच्छुक कंपनियों से रिक्वेस्ट फॉर क्वालीफिकेशन मांगा गया था। छह कंपनियों ने प्रपत्र जमा किए हैं। इनमें से जो कंपनी मानक पर खरा उतरेगी उसे टेंडर डालने का अवसर दिया जाएगा। कंपनियों के पपत्र की जांच 20 मार्च को होगी।

## सांसद ने 12 ओपन जिम समर्पित किए

**कानपुर।** शनिवार को सांसद रमेश अवस्थी ने बर्रा-6 के सी-ब्लाक पार्क से विभिन्न वार्डों के पार्कों में 12 ओपन जिम का लोकार्पण किया। मशीनों का अवलोकन कर ओपन जिम की शुरुआत की।

सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में लोगों के पास जिम जाने का समय और संसाधन हर किसी के पास नहीं होते, इसलिए पार्कों में ओपन जिम की व्यवस्था से आमजन, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी निशुल्क व्यायाम कर अपने स्वास्थ्य को बेहतर बना सकते हैं। सीएसआर फंड के सहयोग से विभिन्न वार्डों के पार्कों में स्थापित किए गए 12 ओपन जिम का लाभ हजारों लोगों को प्रतिदिन लाभ मिलेगा। प्रयास है कि स्वास्थ्य, स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर वातावरण मिल सके। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि पार्कों और ओपन जिम की मशीनों का सही उपयोग करें। उनकी देखभाल भी अपनी जिम्मेदारी समझकर करें, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी इसका लाभ उठा सकें। कहा कि यह पहल क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होगी। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सुमित पावा, पार्षद देवेंद्र द्विवेदी, जिलामंत्री अनुपम मिश्रा, मंडल अध्यक्ष दीपांकर मिश्रा, मंडल अध्यक्ष विनीत दुबे समेत भाजपाई व स्थानीय लोग रहे।



संगोष्ठी में पहुंचे निवेशक और सीए। अमृत विचार

# वैकल्पिक निवेश भविष्य के लिए बेहतर अवसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कानपुर में एआईएफ निवेश पर आयोजित हुई संगोष्ठी, निवेशकों को दी गई विस्तृत जानकारी

**अमृत विचार।** रुद्रा शेयर्स एंड स्टॉक ब्रोकर्स लिमिटेड ने ऑक्सानो कैपिटल के सहयोग से वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) श्रेणी-1 पर आधारित निवेशक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम जीटी रोड स्थित एक होटल में आयोजित हुआ, जिसमें शहर के निवेशकों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और कंपनी के व्यापारिक सहयोगियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में ऑक्सानो कैपिटल के सह-संस्थापक आशीष पादियार ने एआईएफ के माध्यम से निवेश की प्रक्रिया, रिसर्च आधारित चयन पद्धति और नवाचार आधारित कंपनियों में शुरुआती चरण में निवेश की रणनीति पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं ओमकार पाल ने सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड की कार्यप्रणाली और निवेशकों को मिलने वाली सुविधाओं पर प्रकाश डाला।

ऑक्सानो कैपिटल के प्रधान करण ने व्यावहारिक उदाहरणों के जरिए निवेश के लाभ और संभावनाओं को सरल ढंग से समझाया।

उन्होंने बताया कि यह निवेश प्रक्रिया भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित होती है और इसमें न्यूनतम निवेश राशि 25 लाख रुपये निर्धारित है। कार्यक्रम की शुरुआत कंपनी के उपाध्यक्ष विनोद खन्ना ने की, जबकि निदेशक सिद्धार्थ बंसल ने अतिथियों का परिचय कराया।

चेयरमैन किशोर ने कहा कि छोटे और मझोले शहरों में निवेशकों की रुचि तेजी से बढ़ रही है और ऐसे वैकल्पिक निवेश भविष्य में बेहतर अवसर प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में सौरभ,अंकुर शाह सहित कंपनी की प्रबंधकीय टीम भी मौजूद रही।

# मेडिकल कॉलेज में ई-आफिस प्रणाली लागू

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डिजिटल तकनीक को बढ़ावा देने के लिए लागू की गई यह प्रणाली

**अमृत विचार।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में अब ई-आफिस प्रणाली पूरी तरह से लागू हो गई है। ई-ऑफिस प्रणाली लागू होने से मेडिकल कॉलेज के प्रशासनिक कार्यों में कई महत्वपूर्ण लाभ होंगे। मुख्य रूप से कार्यालयीन फाइलों के निस्तारण में तेजी आएगी, कार्यप्रणाली में पारदर्शिता व जवाबदेही में वृद्धि, कागज के उपयोग में कमी व बेहतर अभिलेख प्रबंधन और फाइलों की स्थिति का आसान ट्रैकिंग व मॉनिटरिंग काफी आसान हो जाएगी।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. संजय काला के मुताबिक प्रशासनिक कार्यों को सुगम, पारदर्शी व प्रभावी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ई-ऑफिस प्रणाली का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन किया गया है। यह प्रणाली नौ मार्च को गो-लाइव हुई और 11 मार्च से पूर्ण रूप से संचालित की गई।

ई-ऑफिस प्रणाली के लागू होने से पारंपरिक कागजी फाइलों के स्थान पर अब डिजिटल माध्यम से फाइलों का संचालन, अनुमोदन व अभिलेखन संभव होगा। इससे प्रशासनिक प्रक्रियाओं में गति आएगी व कार्यों की निगरानी और पारदर्शिता में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इसके माध्यम से संस्थान ने कागज आधारित कार्यप्रणाली से डिजिटल प्रशासन की ओर एक महत्वपूर्ण परिवर्तन की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह पहल भारत सरकार की डिजिटल गवर्नेंस एवं पेपरलेस प्रशासन की परिकल्पना के अनुरूप है। विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। ई-ऑफिस प्रणाली प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने और निर्णय प्रक्रिया को तेज करने में

## गोरखपुर ट्रेन के 2 मई तक फेरे बढ़ाए गए

**कानपुर।** होली पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से गोरखपुर के मध्य ट्रेन का संचालन 16 अप्रैल से बढ़ाकर 2 मई तक कर दिया है। इस ट्रेन में 01 एसी द्वितीय, 09 स्लीपर, 4 सामान्य, 6 एसी तृतीय एवं 2 पार्सलयान होंगे।

उत्तर मध्य जोन के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि गाड़ी संख्या 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल(प्रतिदिन) 30.04.26 तक संचालित होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 01080 गोरखपुर (प्रतिदिन) 02.05.26 तक चलती रहेगी। गाड़ी संख्या 01079 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल से रात 10.45 बजे रवाना होगी। कानपुर सेंट्रल दूसरे दिन रात 2.15 बजे, गोरखपुर प्रातः 10 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 01080 गोरखपुर से दोपहर 2.30 बजे रवाना होगी। कानपुर रात 10.20 बजे, ठाणे रात 11.55 बजे, दादर रात 00.17 बजे, छत्रपति शिवाजी टर्मिनल रात 00.40 बजे पहुंचेगी।

**बड़ी राहत** उद्यमियों और व्यापारियों ने जताई खुशी, बोले-नवीनीकरण नहीं कराने की छूट से व्यापार में होगी आसानी

# अब हर बार खाद्य लाइसेंस बनवाने का खत्म हो गया झंझट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की ओर से खाद्य पदार्थ की बिक्री करने वाले व्यापारियों उद्यमियों को बड़ी राहत मिली है। अब उन्हें बार-बार लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं कराना होगा। एक बार लाइसेंस बनवाने से वह आजीवन सक्रिय रहेगा। इसके अलावा उद्यमियों व कारोबारियों को जुर्माने पर भी छूट हासिल हुई है।

आजीवन पंजीयन दिया जाएगा। बार-बार नवीनीकरण नहीं करना पड़ेगा। यदि कोई कमी पाई जाती है जांच में तो उन्हें अधिकतम पेनल्टी भी 25 हजार रुपये तक लगेगी। इसी तरह डेढ़ करोड़ से 50 करोड़ तक के टर्नओवर वाले व्यापारियों को भी एक बार ही राज्य का लाइसेंस लेना पड़ेगा और बार-बार नवीनीकरण नहीं करना पड़ेगा। 50 करोड़ से ऊपर के कारोबार वालों को सेंट्रल का लाइसेंस लेना पड़ेगा।



पहले 1 साल से 5 साल तक के लिए पंजीयन और नवीनीकरण होता था और हर साल शुल्क देना पड़ता था अब इस झंझट से व्यापारियों को निजात मिलेगी और आसानी से इज ऑफ डूइंग बिजनेस से उद्यमी और व्यापारी व्यापार कर पाएंगे। पहले की तरह सामने आने वाला झंझट खत्म होगा।

**-उमंग अग्रवाल, महासचिव फीटा**



यह हमारे राष्ट्रीय संगठन भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं प्रादेशिक संगठन उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की लंबे समय से चली आ रही मांग थी। जिसे सरकार ने स्वीकार किया है। व्यापारियों को मिलने वाली इस सुविधा से व्यापारियों को कारोबार करना आसान हो जाएगा। इससे सरकार को बढ़ा हुआ राजस्व भी हासिल हो सकेगा।

**-मुकुंद मिश्रा, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल**



व्यापारियों के लिए यह राहत भरी खबर है। अब व्यापारी व उद्यमी लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए कागजी कार्रवाई व माथापच्ची से बच पाएगा। उसकी अनावश्यक दौड़भाग भी खत्म होगी। अधिकारी भी हर समय बनाने वाला दबाव भी नहीं बना पाएंगे। व्यापारी का कम से कम एक समस्या से छुटकारा मिला।

**-कपिल सब्बरवाल, अध्यक्ष कानपुर उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल**


घंटाघर में मिठाई बांटते व्यापारी। अमृत विचार

### व्यापारियों ने बांटी मिठाई, जताई खुशी

**कानपुर।** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल उत्तर द्वारा घंटाघर स्थित भारत माता प्रतिमा पर मिठाई भी वितरित की। जिला महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी, रामेश्वर गुप्ता, महेंद्र गुप्ता, अमित दोसर, चंद्र प्रकाश ओमर, ईश्वर वर्मा, हेमंत मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

**उद्यमियों ने की बैठक:** फीटा की फजलगंज में बैठक हुई। नए नियमों पर उद्यमियों और व्यापारियों ने हर्ष व्यक्त किया। नवीन शर्मा, असद इमरान, अंकित गुप्ता, प्रदीप केडिया, रजत गुप्ता, अरुण ओमर सहित अन्य उद्यमी मौजूद रहे।



गल्ला मंडी में भी लड्डू बांटे गए। अमृत विचार

### गल्ला व्यापारियों ने लड्डू बांट जताई खुशी

**कानपुर।** एफएसएसएआई द्वारा लाइसेंस व्यवस्था में किए गए सरलीकरण पर कलक्टरगंज गल्ला मंडी में लड्डू बांटकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा के प्रति आभार व्यक्त किया गया। भारतीय कृषि उत्पाद उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र, जिलाध्यक्ष अनुराग जायसवाल, जिला अध्यक्ष आशीष मिश्र और जिला संयुक्त महामंत्री केके गुप्ता, अनुराग जायसवाल, आशीष मिश्र , केके गुप्ता , पवन गुप्ता, चंद्रप्रकाश गुप्ता ,रमाकांत गुप्ता, मनोज गुप्ता ,अरुण द्विवेदी,अशोक अग्रहरि , सतीश गुप्ता मौजूद थे।

## सिटी ब्रीफ

### आज इन इलाकों में नहीं रहेगी बिजली

**कानपुर।** शहर के दादा नगर उपकेंद्र क्षेत्र के 125 बी फीडर और औद्योगिक क्षेत्र में रविवार की सुबह 10 बजे से शाम को छह बजे तक बिजली गुल रहेगी। इसके अलावा मीता सराय के एलपीजी-एक, दो व तीन में सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक बिजली नहीं रहेगी। केस्को टीम इन क्षेत्रों में बिजली उपकरणों का मरम्मत करेगी।

### चित्रा इंटरनेशनल स्कूल में होली मिलन

**कानपुर।** चित्रा इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कौशल किशोर दीक्षित रहे। स्कूल प्रबंधक सुरेश कुमार सचान एवं प्रधानाचार्य गौरव सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर गले मिलकर गुलाल लगाकर लोगों ने एक दूसरे को होली की बधाई दी।

### शिवांगी पाल ने जीता कांस्य पदक

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की बीपीईएस तृतीय सेमेस्टर की छात्रा शिवांगी पाल ने 45-48 किग्रा (लाइट फ्लाई) भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, पंजाब में आयोजित हुई। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी को कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने खिलाड़ी का भविष्य संवारने के लिए प्रशिक्षण में किसी तरह की बाधा न आने का आश्वासन दिया है।

### सिख धर्म का नया वर्ष आरंभ, शबद-कीर्तन

**कानपुर।** खालसा पंथ सिख धर्म का नया वर्ष आरंभ होने पर सिख समाज कानपुर, गुरु नानक सत्संग सभा साकेत नगर गौशाला, गुरु सिंह सभा गोविंद नगर चार ब्लाक,तेरा रूप सेवा सोसायटी, ने गुरुद्वारा साहिब में श्रद्धा भाव से रागी जत्था भाई रकम सिंह,व रागी भाई अमरीक सिंह कानपुरी, ने संगत को शब्द कीर्तन से निहाल किया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में सिख समाज कानपुर के संस्थापक अध्यक्ष गुरविंदर सिंह वासू प्रिंस, मंजीत सिंह चड्डा, महासचिव साकेत नगर, इंद्रपाल सिंह कुमार, महासचिव गोविंद नगर प्रीतपाल सिंह बिल्ला, अनमोलक सिंह कलसी, इंद्रपाल सिंह सिमर, अवतार सिंह भाटिया, गगनदीप सिंह चड्डा, हरजीत सिंह काला, कुलजीत सिंह बिंद्रा, सुरजीत सिंह चड्डा, सुरिंदर पाल सिंह रूहानी मौजूद रहे।

### सीएसजेएमयू ने साइन किया एमओयू

**कानपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद के साथ सीएसजेएमयू का एमओयू साइन हुआ। यह एमओयू नवाचार, अनुसंधान और उद्यमिता गतिविधियों में सहयोग, स्टार्टअप विचारों के आदान-प्रदान, संयुक्त अनुसंधान और शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन सहित अन्य विषयों पर संयुक्त रूप से काम करने के लिए है। इस दौरान सीएसजेएमयू के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी, आईआईटी कानपुर के एमएसई विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कान्तेश बलानी, आईआईटी कानपुर के डॉ. नीरज मोहन चावके, यूआईईटी के निदेशक डॉ. आलोक कुमार और यूआईईटी के एमएसएमई विभागाध्यक्ष डॉ. वीके कश्यप मौजूद थे। समझौता ज्ञापन समारोह का आयोजन यूआईईटी के एमएसएमई विभाग की डॉ. अलका गुप्ता ने किया। समारोह में सीएसजेएमयू के रजिस्ट्रार राकेश कुमार मिश्रा भी शामिल हुए।

# सीधे प्रतिरोधक क्षमता पर असर डालती अधूरी नींद

- जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में फिजियोलॉजी सम्मेलन का हुआ समापन
- रात में प्रतिरक्षा प्रणाली सक्रिय रहती और साइटोकाइन प्रोटीन बनाती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जैविक घड़ी और प्रतिरक्षा प्रणाली के बीच एक गहरा संबंध है। मस्तिष्क में स्थित पीनियल ग्रंथि द्वारा नियंत्रित यह 24-घंटे का चक्र नींद, हार्मोन और प्रतिरक्षा कोशिकाओं की सक्रियता को विनियमित करता है। रात में प्रतिरक्षा प्रणाली सक्रिय रहती है और सूजन व संक्रमण से लड़ने वाले साइटोकाइन नामक प्रोटीन का उत्पादन करती है, जिससे नींद की गुणवत्ता सीधे रोग प्रतिरोधक क्षमता से जुड़ जाती है। इस प्रणाली के प्रभावित होने से बीमारी का खतरा काफी बढ़ जाता है। यह जानकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने दी।


जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में शनिवार को फिजियोलॉजी विभाग ने यूपी एसोपिकॉन आयोजित किया। अमृत विचार

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में शनिवार को फिजियोलॉजी विभाग द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश फिजियोलॉजी कॉन्फ्रेंस -यूपी एसोपिकॉन के तीसरे दिन फिजियोलॉजी एट इंटरफेस व्हेयर डिसिप्लिन्स मीट विषय पर विशेषज्ञों ने चर्चा की। कहा कि हमे ऐसे सेतु बनाने चाहिए जहां पर विभिन्न विषय मिले। डॉ.अरुण गोयल ने कहा कि न्यूरोफिजियोलॉजी तंत्रिका तंत्र (मस्तिष्क, रीढ़ की हड्डी, तंत्रिकाओं) के विद्युत और जैव रासायनिक कार्यों का अध्ययन है।

यह ईईजी, ईएमजी और तंत्रिका चालन अध्ययनों का उपयोग करके मिर्गी, पक्षाघात और मांसपेशियों के विकारों के निदान और उपचार में मदद करती है,जो सीधे सामुदायिक स्वास्थ्य में न्यूरोलॉजिकल बीमारियों के प्रबंधन से संबंधित है। डॉ.राजेश कथरोटिया ने बताया कि भावनात्मक मस्तिष्क मुख्य रूप से लिम्बिक सिस्टम द्वारा नियंत्रित होता है, जिसमें एमिग्डाला (डर या भावना) और प्रीफ्रंटल कॉर्टेक्स (तर्क या विनियमन) प्रमुख तंत्रिका परिपथ हैं। यह तंत्रिका नेटवर्क भावनाओं को पहचानता, संसाधित करता और नियंत्रित करता है, जो जीवन रक्षा और सामाजिक व्यवहार के लिए आवश्यक है।

डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने सर्केडियन रिदम एंड इम्युनिटी (जैविक घड़ी और प्रतिरक्षा) विषय पर जानकारियां दी। नींद कम लेने की वजह से होने वाली बीमारियो के बारे में बताया। डॉ. शिवेंद्र वर्मा ने ऑटोनॉमिक डिसफंक्शन एंड एंडोक्राइनोलॉजी विषय पर चर्चा की। इस दौरान कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला, आयोजन अध्यक्ष डॉ. डॉली रस्तोगी, सचिव डॉ. अतोष कुमार, डॉ. जयवर्धन सिंह, डॉ.प्रीति कनौजिया, डॉ.दुर्गेश कुमार, डॉ.मुनीष रस्तोगी समेत आदि लोग रहे।

### चंद्र नमस्कार से हृदय रहता ठीक

- डॉ.सीमा सिंह ने चंद्र नमस्कार अभ्यास के प्रति हृदय की स्वायत्त गतिविधि का शारीरिक प्रतिक्रिया विषय पर जानकारी दी। बताया कि चंद्र नमस्कार का अभ्यास मुख्य रूप से पैरासिम्पेथेटिक नर्वस सिस्टम (विश्राम और पाचन) को सक्रिय करता है, जिससे हृदय गति धीमी होती है और रक्तचाप कम होता है। यह धीमी, लयबद्ध मुद्राएं और नियंत्रित श्वास शरीर में शीतलता लाती हैं, जो तनाव को कम करके हृदय स्वास्थ्य में सुधार करती हैं। डॉ.अरविंद कंचन ने जटिल तंत्रिका संबंधी प्रक्रियाओं में तंत्रिका सुरक्षा के लिए बहु-विधि आईओएनएम की भूमिका और डॉ.दीप्ति द्विवेदी ने योग्यता-आधारित चिकित्सा शिक्षा में नई तकनीकों को अपनाना- एक शैक्षणिक प्रतिमान बदलाव विषय पर जानकारी दी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### सेंट्रल स्टेशन की लिफ्ट में फंसे यात्री मची चीख-पुकार

**कानपुर।** सेंट्रल स्टेशन पर प्लेटफार्म से फुटओवर ब्रिज पर जाने के लिए लिफ्ट कुछ महीने पहले ही लिफ्ट लगाई गई है। शनिवार को लिफ्ट के अंदर 15 के बजाए 18 यात्री सवार हो गये, लिफ्ट का दरवाजा तो बंद हो गया लेकिन लिफ्ट नहीं चली, लिफ्ट का दरवाजा भी बंद हो चुका था जिससे लिफ्ट में फंसे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर वहां मौजूद यात्रियों ने लिफ्ट का दरवाजा तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला।

शनिवार को प्लेटफार्म नंबर 2-3 पर लगी लिफ्ट में 18 यात्री सवार हुए, लिफ्ट का दरवाजा बंद हुआ तो यात्रियों ने बटन दबाया ताकि लिफ्ट ऊपर जा सके लेकिन लिफ्ट में कोई हरकत नहीं हुई। थोड़ी देर तक यात्रियों ने इंतजार किया लेकिन उसके बाद भी लिफ्ट नहीं चली तो अफरातफरी मच गई और यात्रियों में चीख पुकार मच गई क्योंकि ये लिफ्ट पूरी तरह पैक है।

# उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में कड़ी सुरक्षा

## पहले दिन की पुलिस भर्ती परीक्षा की पहली और दूसरी पाली में 19,440-19,440 अभ्यर्थी शामिल हुए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में शनिवार को उपनिरीक्षक (एसआई) व समकक्ष पदों की भर्ती परीक्षा का पहला दिन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे अभ्यर्थियों की सख्ती से जांच की गई। प्रतिबंधित सामग्री मिलने पर उसे जमा कराकर बायोमेट्रिक व रेटीना जांच के बाद ही प्रवेश दिया गया। सुबह करीब 9:30 बजे अभ्यर्थियों को केंद्रों में प्रवेश मिला।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ की ओर से शनिवार और रविवार को एसआई व समकक्ष पदों की सीधी भर्ती 2025 की लिखित परीक्षा शहर के 53 केंद्रों पर आयोजित की जा रही है। परीक्षा में कुल 77,760 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। पहले दिन की पहली और दूसरी पाली में 19,440-19,440 अभ्यर्थियों को शामिल हुए। सुबह सात बजे से ही अभ्यर्थी अपने परिजनों के साथ केंद्रों के बाहर पहुंचने लगे थे। प्रवेश से पहले उनका प्रवेश पत्र और पहचान पत्र की जांच की गई।


परीक्षार्थियों को कतार में लगाकर जांच के बाद परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया गया। अमृत विचार

जांच पूरी होने के बाद ही अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। इस दौरान पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल और अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था डॉ. विपिन ताडा ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था की जांच कर अधिकारियों को सतर्क रहने और परीक्षा को पूरी पारदर्शिता व शांति के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए।

**सेंटर का नाम बदलने पर भटका अभ्यर्थीः** शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा थी, जिसमें एक अभ्यर्थी का बीएनएसडी कॉलेज चुन्नीगंज में सेंटर था, लेकिन प्रवेश पत्र में पता घुन्नीगंज लिख जाने से अभ्यर्थी को परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं काफी मशक्कत के बाद अभ्यर्थी सही सेंटर पर पहुंच गया।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

### बाली, बिछिया, चूड़ी उतारी, कलावा काटे

पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। गेट पर ही उनके हाथों में बंधे कलावे कटवाए गए, साथ ही कान की बाली, कंगन, बिछिया, चूड़ी, जूते-मोजे तक उतरवाए गए। मोबाइल, ब्लूटूथ, घड़ी, पर्स, रंगीन चश्मा सहित सभी प्रतिबंधित वस्तुएं जमा कराई गईं। जांच के दौरान कुछ अभ्यर्थियों ने कलावा कटवाने पर आपत्ति भी जताई, लेकिन नियमों का हवाला देते हुए सभी से उसे हटवाया गया।

### केंद्रों में 1500, ट्रैफिक में 500 पुलिसकर्मी तैनात

परीक्षा को नकलविहीन और शांतिपूर्ण बनाने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कुल 1500 पुलिसकर्मी और यातायात व्यवस्था के लिए 500 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। इनमें 60 निरीक्षक, 230 उपनिरीक्षक, 200 हेड कांस्टेबल और अन्य कांस्टेबल शामिल हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर औसतन 16 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

### क्या बोले परीक्षार्थी


सूरज पांडेय ने बताया कि वह प्रयागराज से परीक्षा देने आए हैं। उन्होंने कहा कि दरोगा बनना उनका सपना है और इसके लिए दो साल से लगातार तैयारी कर रहे हैं। परीक्षा का पेपर संतुलित रहा। उन्होंने उम्मीद जताई कि मेहनत का परिणाम जरूर मिलेगा और चयन होगा।


अजय कुमार ने कहा कि वह जालौन से परीक्षा देने पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस विभाग में सेवा करना उनका लक्ष्य है। पेपर सामान्य स्तर का था, हालांकि कुछ प्रश्न कठिन भी लगे। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता कड़ी है, लेकिन मेहनत पर भरोसा है।


रायबरेली के शिवा चौधरी ने बताया कि दरोगा भर्ती परीक्षा को लेकर वह काफी समय से तैयारी कर रहे थे। परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था ठीक रही। पेपर में सामान्य ज्ञान और कानून से जुड़े प्रश्न अधिक थे। उन्होंने कहा कि चयन होने पर समाज की सेवा करना चाहते हैं।


दीपक प्रजापति ने बताया कि वह झांसी के रहने वाले वह पहले से ही विभाग में सिपाही है, उन्होंने कहा कि अब दरोगा बनकर समाज में कानून व्यवस्था मजबूत करना चाहते हैं। पेपर थोड़ा लंबा था, लेकिन तैयारी के कारण अधिकांश प्रश्न हल कर पाए।


उन्नाव के रहने वाले अतुल कुमार गौतम का कहना है कि दरोगा भर्ती परीक्षा को लेकर उन्होंने लगातार तैयारी की है। परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा और व्यवस्थाएं ठीक रहीं। उन्होंने बताया कि पेपर ठीक रहा और उम्मीद है कि अच्छे अंक मिलेंगे। चयन होने पर ईमानदारी से सेवा करेंगे।

# कानपुर सेंट्रल से कई स्टेशनों के लिए चली एग्जाम एक्सप्रेस

- प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर और निकास द्वारों पर विशेष इंतजाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शनिवार को प्रयागराज मंडल द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए। बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के आवागमन को देखते हुए प्रयागराज मंडल प्रशासन द्वारा आवश्यकतानुसार एग्जाम स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया, जिससे परीक्षार्थियों को अपने परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा न हो। मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के निर्देशन पर प्रयागराज जंक्शन, कानपुर सेंट्रल एवं अन्य प्रमुख स्टेशनों परीक्षार्थियों की सुविधा के दृष्टिगत प्लेटफॉर्म, टिकट काउंटर तथा प्रवेश/निकास द्वारों पर विशेष व्यवस्थाएं की गईं । मंडल स्तर पर स्थापित वार रूम से प्रमुख स्टेशनों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी रखी गई।

### इन रूटों पर दौड़ाई गईं एग्जाम एक्सप्रेस

- कानपुर सेंट्रल-प्रयागराज के लिए 22 डिब्बों वाली एग्जाम स्पेशल ट्रेन दोपहर 1.50 बजे चलाई गई।
- कानपुर सेंट्रल के प्लेटफार्म नंबर 4 से प्रयागराज के लिए सायं 6 बजे दूसरी ट्रेन चली।
- गाड़ी संख्या 64212 कानपुर से लखनऊ के लिए दोपहर 12.20 बजे चली।
- गाड़ी संख्या 54154 कानपुर से रायबरेली के लिए सायं 4.30 बजे ट्रेन चलाई गई।
- गाड़ी संख्या 19812 इटावा से कोटा के लिए सायं 5 बजे चली।
- गाड़ी संख्या 64646 कानपुर से खुर्जा के लिए सायं 4.20 बजे ट्रेन रवाना की गई।

# विशेष ट्रेन चलाने के बाद भी कई पर कब्जा

- झांसी, लखनऊ, आगरा, इटावा जाने वाली ट्रेनों में जबरन घुसे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डायरेक्ट रिक्रूटमेंट पुलिस परीक्षा 14 व 15 मार्च को प्रस्तावित है, पहले दिन शनिवार को अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने कई विशेष ट्रेनें चलाई हैं लेकिन उसके बाद भी कई ट्रेनों के आरक्षण कोच में परीक्षार्थियों की भीड़ घुस गयी जिन्हें निकालने में जीआरपी और आरपीएफ को पसीने छूट गए।

शनिवार को पुलिस परीक्षा को देखते हुए झांसी से कानपुर के लिए दो विशेष ट्रेनें चलाई गईं, इसके बाद भी लखनऊ, झांसी, आगरा, इटावा की ओर जाने वाली ट्रेनों के आरक्षण कोच में जबरन परीक्षार्थियों की भीड़ ने कब्जा किया। देर शाम सर्वाधिक भीड़ प्लेटफार्म नंबर 2,3,4,5,6 व 7 पर रही, यहां हजारों परीक्षार्थियों की भीड़ ट्रेन का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान कानपुर से प्रतापगढ़ जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस, आगरा इंटरसिटी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में परीक्षार्थियों ने कब्जा किया।


सेंट्रल स्टेशन परीक्षार्थियों की भीड़। अमृत विचार

कई ट्रेनों के एसी व स्लीपर कोच में परीक्षार्थियों के घुसने से आम यात्रियों को दिक्कत हुई। इस दौरान आरपीएफ प्रभारी एसएन पाटीदार एवं जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह ने संयुक्त रुप से सभी प्लेटफार्मों पर अपनी टीम को लगा रखा था जिन्होंने परीक्षार्थियों की भीड़ को किसी तरह व्यवस्थित किया। देर रात रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ जमा रही। इसी प्रकार शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा पर भी लखनऊ, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, बाराबंकी, इटावा, हमीरपुर, मौदहा के परीक्षार्थियों की भारी भीड़ रही।

**होली मिलन समारोह** | समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को दिया गया सम्मान

# 51 महिलाओं को यशस्विनी सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में मुस्कान फाउंडेशन ट्रस्ट ने यशस्विनी सम्मान-2026 एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया। मुख्य अतिथि मेयर प्रमिला पांडे और विधायक नीलिमा कटियार रहीं।

कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 51 महिलाओं को यशस्विनी सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। संस्था की अध्यक्ष पूजा गुप्ता ने कहा कि मुस्कान फाउंडेशन ट्रस्ट सेवा ही सर्वोपरि के भाव के साथ समाज में निरंतर सेवा कार्य कर रहा है। इस अवसर पर नेहा कटियार, नीलम वाघवा, सरिता गुप्ता, डॉ. मंजू जैन, रोचना विष्णोई, रचना अवस्थी, निर्मल कपूर, प्रीति रंजन, कंचन सिंह, सुमन यादव, नीरा सरार्फ और मधु गुलाटी सहित कई महिलाओं को सम्मानित किया गया।


मुस्कान फाउंडेशन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भाग लेतीं महिलाएं। अमृत विचार

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत नटराज डांस ग्रुप की डायरेक्टर शीला सिंह व उनकी टीम ने राधा-कृष्ण की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। अद्रिका गुप्ता ने महिला सशक्तिकरण पर नृत्य तथा आकांक्षा सिंह ने ब्रज लोकगीत पर भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महासचिव आशीष गुप्ता, संरक्षक गोपाल तुलस्यान, सचिव गीतांजली यादव, संगठन मंत्री यामिनी बाजपेयी, कोऑर्डिनेटर नीलम सिंह व एंकर कोमल गुनानी आदि रहे।

### व्यापारी से 5 करोड़ टैक्स जमा कराया

**कानपुर।** शहर के फ्रेग्रेंस कारोबारी पर आयकर विभाग की कार्रवाई के तीसरे दिन कर अपवंचना के सबूत मिले। यह सबूत लगभग 15 करोड़ रुपये की कर अपवंचना के आस-पास है। ऐसे में व्यापारी की ओर से पांच करोड़ रुपये का टैक्स भी जमा कराया गया है। बाकी बचा टैक्स सभी कागजों की पूरी पड़ताल के बाद जमा कराया जाएगा।

फ्रेग्रेंस व्यापारी के यहां पर तीन दिन से चल रहा सर्वे शनिवार को खत्म हो गया। कार्रवाई के कर अपवंचना से जुड़े कई अहम सूबत मिले हैं। आयकर विभाग के मुताबिक कारोबारियों के यहां से लगभग 15 करोड़ रुपये की कर अफवंचना मिली है। जिसमें से आयकर अधिकारियों ने पांच करोड़ रुपये की राशि कारोबारी से जमा भी करा लिया है। अब जब्त कागजातों व दस्तावेजों की गणना के बाद टैक्स व जुर्माने की राशि वसूल की जायेगी।


होली मिलन समारोह में भाग लेते लोग। अमृत विचार

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता स्थित चित्रा इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रबंधक सुरेश कुमार सचान व प्रधानाचार्य कौशल किशोर दीक्षित की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में समाज के कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही और सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए पर्व की खुशियां साझा की। समारोह को संबोधित करते हुए प्रबंधक सुरेश कुमार सचान ने कहा कि शिक्षा के साथ संस्कारों का विकास भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में आपसी प्रेम, भाईचारा और भारतीय परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस होली मिलन समारोह के माध्यम से समाज में आपसी सौहार्द, भाईचारे और सांस्कृतिक एकता का संदेश दिया गया।

# दरोगा भर्ती: पहले दिन 1542 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

## शहर के 8 केंद्रों पर भारी पुलिस बल के पहरे के बीच संपन्न हुई परीक्षा, डीएम व एसपी ने व्यवस्थाओं का जायजा लेकर दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** दरोगा भर्ती परीक्षा शनिवार को शहर के 8 केंद्रों में भारी पुलिस बल के पहरे के बीच संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी गौरांग राठी व एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मातहतों को जरूरी निर्देश दिये।

परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के समय जिन परीक्षार्थियों के बायोमेट्रिक नहीं हो सके उन्हें भी लिखित लेकर परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति दी गई। फिर भी प्रथम पाली में 2400 परीक्षार्थियों में 1614 उपस्थित व 786 अनुपस्थित रहे। जबकि द्वितीय पाली में 2400 परीक्षार्थियों में 1644 उपस्थित व 756 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों में 4800 छात्रों में 3258 उपस्थित व 1542 अनुपस्थित रहे। सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में परीक्षा केंद्रों में एसडीएम, एडीएम, एएसपी स्तर के अधिकारी सभी 8 केंद्रों में गस्त करते रहे। जिनकी ड्यूटी केंद्रों में पहले से ही लगी थी। हर केंद्र में इतना फोर्स था जितने परीक्षार्थी थे। महिला परीक्षार्थियों की संख्या अधिक होने से लखनऊ से अतिरिक्त फोर्स बुलाया गया था। ताकि महिला परीक्षार्थियों की तलाशी का कार्य कर सकें।



परीक्षा देकर केंद्र से निकलते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

बता दें कि शहर के डॉ. जीनाथजी दयाल बालिका इंटर कॉलेज, अटल बिहारी इंटर कॉलेज, श्याम कुमारी सेठ बालिका इंटर कॉलेज, डीएसएन कॉलेज ब्लॉक ए व बी, जीजीआईसी मोती नगर, पॉलिटेक्निक कॉलेज दही व जीआईसी सिविल लाइन को केंद्र बनाया गया था। डीआईओएस सुनील दत्त के साथ कई खंड शिक्षाधिकारी भी ड्यूटी में लगे थे। जिन कक्ष निरीक्षकों को सुबह 7 बजे केंद्र में प्रवेश करा दिया उन्हें शाम को परीक्षा समाप्त के बाद ही केंद्र से बाहर आने दिया गया।

### कर्तव्य पथ पर मां का समर्पण

शुभम निगम, उन्नाव

शहर के डीएसएन कॉलेज में दरोगा भर्ती परीक्षा के दौरान एक भावुक कर देने वाला दृश्य दिखा। यहां सुरक्षा व्यवस्था में तैनात एक महिला सिपाही अपने मासूम बच्चे को गोद में लेकर मुस्तैदी से कर्तव्य निभाती नजर आई। घर पर बच्चे की देखभाल की समस्या के बावजूद उन्होंने ड्यूटी से मुंह नहीं मोड़ा और ममता व जिम्मेदारी का यह संतुलन केंद्र पर आए परीक्षार्थियों के लिए प्रेरणा का केंद्र बना रहा। सभी ने महिला सिपाही की इस कर्तव्य परायणता की सराहना की।



गोद में मासूम बच्चे को लेकर ड्यूटी करती महिला सिपाही।

### न्यूज ब्रीफ

#### डीआईजी ने प्रशिक्षण व्यवस्था का लिया जायजा

**उन्नाव, अमृत विचार:** डीआईजी (प्रशिक्षण) देव रंजन वर्मा ने एसएसपी जय प्रकाश सिंह के साथ प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षियों के अंत: कक्षीय व बाह्य कक्षीय विषयों की आयोजित परीक्षाओं व मूल्यांकन प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने प्रशिक्षण की गुणवत्ता, परीक्षा की पारदर्शिता व मूल्यांकन की निष्पक्षता के संबंध में अफसरों के साथ व चर्चा कर जरूरी आदेश दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम को निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रभावी ढंग से संचालित करने, रिक्रूट आरक्षियों को अनुशासन, शारीरिक दक्षता व व्यावसायिक कौशल के साथ प्रशिक्षित करने पर बल दिया। एसएसपी ने जिले में संचालित प्रशिक्षण व्यवस्था की जानकारी देते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

#### बीएसए ने सहायक से मांगा स्पष्टीकरण

**उन्नाव, अमृत विचार:** बीएसए शैलेश पांडे ने सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो को संज्ञान में लेते हुए कहा कि वीडियो में कार्यालय के सहायक द्वारा किसी शिक्षक से पैसों की मांग की जा रही है। जिससे विभाग की छवि धूमिल हुई है। संबंधित सहायक से सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो के प्रति लिखित स्पष्टीकरण तलब किया गया है। कहा कि प्रकरण की सम्यक जांच हेतु खंड शिक्षाधिकारी मुख्यालय, सिकंदरपुर सरोसी व बिछिया की जांच समिति गठित की गई है और जांच आख्या अविलम्ब देने के निर्देश भी दिये गए हैं। संबंधित सहायक का स्पष्टीकरण व जांच समिति द्वारा प्रस्तुत आख्या के आधार पर प्रकरण पर यथोचित कार्यवाही की जायेगी।

### लटकते तारों की चपेट में आया ट्रैक्टर चालक

**उन्नाव, अमृत विचार:** बिहार थानाक्षेत्र के बदनखेड़ा गांव निवासी शिव प्रकाश साहू का ट्रैक्टर-ट्रॉली भूसा भरने के लिए रघुनाथखेड़ा जा रहा था। तभी रास्ते में ही ट्रैक्टर ट्रॉली लटक रहे विद्युत तार से टकरा गया। देखते ही देखते पूरे ट्रैक्टर में करंट फैल गया। उस समय ट्रैक्टर पर चालक सहित 3 लोग सवार थे। झटका लगते ही दो मजदूरों ने कूदकर अपनी जान बचाई। लेकिन चालक गोविंद उर्फ मुन्नई (40) निवासी मधुकरपुर खेड़ा इसकी चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। इसके बाद ट्रैक्टर में आग लग गई। ग्रामीणों ने आनन-फानन में चालक को ट्रैक्टर से निकाला और पीएचसी सुमेरपुर पहुंचाया। चालक को गंभीर देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर सीओ बीघापुर व बिहार एसओ फोर्स के साथ पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर विद्युत विभाग की लापरवाही व लटकते तारों के संबंध में जानकारी जुटाई।

# पति की तेरहवीं के अगले दिन पत्नी ने दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** पति की तेरहवीं के अगले दिन पत्नी वॉट्सएप पर स्टेटस लगा फंदे से लटक गई। जब तक पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार पहुंचे तब तक उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पीडी नगर मोहल्ला निवासी आरती (32) के पति बबलू की बीती 2 मार्च को बीमारी से मौत हो गई थी। बीते शुक्रवार उसकी तेरहवीं थी। शनिवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे आरती ने अपने वॉट्सएप पर स्टेटस लगाया कि सभी लोगों को नमस्कार, मेरा अंतिम संस्कार अच्छे से कर देना। पति के बिना मैं जी नहीं सकती। स्टेटस देख पास में रहने वाली मौसी दौड़ कर आरती के घर पहुंची लेकिन तब तक वह साड़ी के फंदे से लटककर जान दे चुकी थी। स्टेटस देख चचेरा भाई निकेत पुत्र रमेशचंद्र भी पहुंचा। उसकी सूचना पर पहुंची अस्पताल चौकी की पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा। देवर रोहित ने बताया कि भाभी अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। इससे वह भैया के साथ पीडी नगर मोहल्ला में अपने माता-पिता के साथ रहती थी। बीते दो साल पहले उनकी मां की मौत हो गई। बाद में पिता की भी मौत हो गई। इससे वह दुखी रहती थी। उनके कोई संतान भी नहीं थी। ऐसे में अचानक पति की मौत का सदमा वह नहीं झेल पाई। कोतवाल चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि महिला ने फंदे से लटककर जान दी है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।



आरती की फाइल फोटो

● पति के बिना जीवन बेकार, मेरा अंतिम संस्कार अच्छे से कर देना

# महंगाई व गैस संकट पर आप का हल्लाबोल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** बढ़ती महंगाई व एलपीजी गैस सिलेंडरों की किल्लत के विरुद्ध आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आह्वान पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध में कलक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने केंद्र सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा की गलत नीतियों के कारण आम जनता न केवल आर्थिक संकट से जूझ रही है बल्कि गैस सिलेंडर के लिए लंबी लाइनों में लगने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि गैस व ऊर्जा क्षेत्र में निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाने के लिए कीमतों में बेतहाशा वृद्धि की जा रही है जिसका सीधा असर गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। जिला प्रभारी तुषार श्रीवास्तव ने बढ़ती कीमतों के आंकड़े रखते हुए बताया कि घरेलू सिलेंडर में 60 व कामर्शियल सिलेंडर में 120 रुपये की वृद्धि ने छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है। होटल, ढाबा व स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों कारोबारियों के सामने अस्तित्व का संकट है। मांग की कि घरेलू सिलेंडर के बढ़े दामों को तत्काल वापस लिया जाए। पेट्रोल-डीजल की कीमतों के लिए एक पारदर्शी नीति लागू हो। यदि सरकार ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो पूरे देश में जन आंदोलन तेज होगा।

इस दौरान जिला महासचिव शैलेंद्र उपाध्याय, कोषाध्यक्ष रमेश गुप्ता, उपाध्यक्ष दीपक राजपूत, मीडिया प्रभारी शरीफ खान, रामकिशन राजपूत, रईस अहमद, दीपू कुमार, अंकित यादव, अर्सलान, सिराज खान आदि मौजूद रहे।




प्रदर्शन करते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● कलक्ट्रेट में सड़क पर बैठकर किया प्रदर्शन राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा

# बारात में नोट लुटाने में चले पत्थर, दर्जन भर लोग घायल

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के पोनी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में शुक्रवार रात बारात के दौरान नोट लुटाने को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ा कि स्थानीय युवकों, बैंडबाजा वालों व बारातियों में कहासुनी के बाद पथराव शुरू हो गया। इसमें महिलाओं समेत करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि बारात में डांस के दौरान बाराती नोट लुटा रहे थे। तभी आसपास के कुछ युवक भी पैसे उठाने लगे। जिस पर बैंड बाजा वालों व युवकों में कहासुनी शुरू हो गई। विवाद बढ़ने पर बाराती युवकों को समझाने पहुंचे लेकिन गालीगलौज के बाद स्थिति और बिगड़ गई। आरोप है कि इसके बाद युवकों ने ईंट-पत्थर चलाने शुरू कर दिए। पथराव में लड़के पक्ष की रामदेवी, नन्हा, पंकज सिंह, कृष्णकांत सिंह व रानी समेत कई लोग घायल हो गए। घटना के दौरान कृष्णकांत का बैग छीनने का भी प्रयास किया गया। जिसमें हजारों रुपये थे। वहीं रानी की नाक की कील टूटकर पार हो गई। जिससे वह घायल हो गईं। इसकी सूचना लोगों ने पीआरवी को दी लेकिन पुलिस के देर से पहुंचने की बात कही जा रही है। बाद में बारात में शामिल राज्य पिछड़ा आयोग के जिला प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद सिंह ने एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद्र को फोन कर मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस पहुंची। फिलहाल एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जबकि अभी तक किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

# लापरवाही पर कार्रवाई, हाजीपुर चौकी इंचार्ज लाइन हाजिर

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बसधना गांव में बीती 8 मार्च को हुए हत्याकांड के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवालों के बीच अब कार्रवाई शुरू हो गई है। मामले में लापरवाही सामने आने पर एसएसपी ने हाजीपुर चौकी इंचार्ज कमल दुबे को लाइन हाजिर कर दिया है।

बता दें कि बसधना गांव निवासी विपिन सिंह ने अपने घर पर एक पार्टी का आयोजन किया था। इस दौरान हाजीपुर चौकी के कुछ पुलिसकर्मी व गंगाघाट कोतवाली का स्टाफ के भी मौजूद होने की चर्चा है। मारपीट के दौरान मनोकांत की मौत हो गई थी। इसके बाद आरोपियों ने शव फेंक दिया था। घटना के बाद शुरू में पुलिस ने केवल अपहरण व मारपीट का मामला दर्ज किया था। लेकिन अगले दिन शव मिलने पर हत्या की धारा भी जोड़ी गई। पुलिस ने मुख्य आरोपी बिपिन सिंह, छोटे सनकी उर्फ शिवम सिंह व अजय सिंह को गिरफ्तार किया था। मामले में पुलिस की लापरवाही व आरोपियों से कथित मिलीभगत की चर्चा के बाद उच्चाधिकारियों ने सख्त रुख अपनाया है। एसएसपी की इस कार्रवाई से महकमे में चर्चाएं तेज हो गई हैं।

### बसधना हत्याकांड में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शुक्लागंज उन्नाव:** बसधना गांव में हुए चर्चित हत्याकांड मामले में गंगाघाट पुलिस ने एक और वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। एसएसपी के निर्देश व एएसपी के पर्यवेक्षण में चले रहे अपराधियों के विरुद्ध अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। बीती 9 मार्च को बसधना निवासी सुमन शुक्ला ने गंगाघाट कोतवाली में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 8 मार्च की रात गांव के विपिन सिंह व छोटू सनकी उर्फ शिवम सिंह ने पुरानी रंजिश के चलते उनके पति मनोकांत शुक्ला को बुलाकर गालीगलौज की और मारपीट के बाद अपहरण कर ले गए। अगले दिन माखी थानाक्षेत्र में अज्ञात शव मिला जिसकी पहचान मनोकांत शुक्ला के रूप में हुई। विवेचना के दौरान वंश सिंह व अजय सिंह का नाम भी सामने आया। इसके बाद मुकदमे में हत्या समेत अन्य धाराएं बढ़ाई गईं। पुलिस पहले ही विपिन सिंह, शिवम सिंह व अजय सिंह को घटना में प्रयुक्त कार व रक्तरंजित लाठी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। शनिवार को पुलिस ने वांछित आरोपी अभिषेक उर्फ वंश (19) पुत्र राजेश निवासी थानागांव थाना माखी को सहजनी क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया।



पुलिस गिरफ्त में खड़ा आरोपी।

### दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का शुभारंभ

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में शनिवार से दो दिवसीय वार्षिकोत्सव का आयोजन शुरू हुआ। इसमें पहले दिन कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि वेणुरंजन भदौरिया व विशिष्ट अतिथि कौमुदी पांडेय रहीं। मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय प्रबंधक संतोष तिवारी ने माल्यार्पण कर किया। जबकि विशिष्ट अतिथि का स्वागत सुधा तिवारी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने स्वागत गीत व सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। आगे छात्रों ने कई सांस्कृतिक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम को रंगारंग बना दिया। विशेष आकर्षण होली व ईद के आपसी भाईचारे को दर्शाने वाला संयुक्त सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। अंत में प्रबंधक संतोष तिवारी ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को सराहते हुए अतिथियों व अभिभावकों का आभार जताया। कार्यक्रम सफल बनाने में अभिषेक तिवारी, सुधीर सिंह, सूरज, प्रद्युम्न, अंशु, हरि आदि का योगदान रहा।



दयानंद स्कूल में होता रंगारंग कार्यक्रम। ● अमृत विचार

### उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का आज होगा गंगा ब्रिज का संभावित निरीक्षण

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** लखनऊ-कानपुर रेलखंड स्थित गंगा ब्रिज के निरीक्षण के लिए उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक राजेश कुमार के रविवार को गंगाघाट रेलवे स्टेशन पहुंचने की संभावना है। प्रस्तावित निरीक्षण को लेकर रेलवे प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। स्टेशन परिसर व पुल के आसपास साफ-सफाई कराई गई और खामियों को दूर कराया गया। जानकारी के अनुसार रेलवे पुल की डाउन लाइन के जर्जर ट्रफ बदलकर उसकी जगह एचबीएम चैनल स्लीपर डाले जाने हैं। इसके तहत ब्रिज संख्या 110 के अंतर्गत कानपुर पुल के बांया किनारा व कानपुर के बीच मेगा ट्रैफिक व पावर ब्लॉक को मंजूरी मिली है। यह ब्लॉक 2 अप्रैल से 13 मई तक 42 दिनों के लिए प्रभावी रहेगा। इस अवधि में रोज सुबह 8 :30 से शाम 5 :30 बजे तक कार्य होगा। निरीक्षण को लेकर संबंधित विभागों को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसे लेकर शनिवार को गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर खामियों को पूरे दिन दूर करने का काम किया गया।

### होली मिलन में हुआ प्रतिभाओं का सम्मान

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** भारतीय रिजर्व बैंक परिवार शुक्लागंज-उन्नाव द्वारा शनिवार को पोनी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में होली मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर व गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। समारोह में सेना में चयनित होने पर कैप्टन आदित्य सिंह, ऑस्ट्रेलिया से होटल मैनेजमेंट व मास्टर डिग्री प्राप्त कर वहीं कार्यरत होने पर ऋषभ तिवारी, मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज प्रयागराज में चयनित होने पर अजय शर्मा, पीएम व ऊर्जा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर प्रदेश को दूसरा स्थान दिलाने में योगदान देने पर स्वालिक सोलर के विजय गुदा, चंडीगढ़ से एमबीए में सफलता पाने पर तनु कश्यप व हाईस्कूल में विशेष स्थान पाने पर यशस्वी निगम को चेयरमैन कौमुदी पांडेय व स्नेही क्लब के अध्यक्ष डॉ. एए साहू ने सम्मानित किया। इसमें विभव गुप्ता, अनिका मिश्रा, ऋषिका तिवारी, विहान निषाद, विराट दीक्षित, अविका सिंह ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। संचालन कमल नारायण तिवारी व अमिताभ दीक्षित ने किया। इस दौरान विनोद निगम, राम सागर, रामजी गुप्ता, आशुतोष शुक्ला, वीरेंद्र शुक्ला, अंजनी अग्निहोत्री, एसएस द्विवेदी, प्रदीप शुक्ला, मुन्ना सोनी, प्रवण कुमार सिंह, डॉ. बृजेन्द्र कुमार, राकेश व रमेश सिंह रहे।



होली मिलन समारोह में सम्मानित होतीं प्रतिभाएं।

### समुद्र मंथन की कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** शंकरपुर सराय स्थित मां फूलमती देवी मंदिर के पास चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन शनिवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास पंडित राम त्रिवेदी ने समुद्र मंथन के प्रसंग का वर्णन करते हुए देवताओं व असुरों के बीच हुए मंथन तथा उससे निकले रत्नों की कथा सुनाई। बताया कि समुद्र मंथन का प्रसंग हमें धैर्य, सहयोग व धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कथा के दौरान भक्त भक्तिभाव में डूबे रहे और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान विनोद त्रिवेदी, सिद्धार्थ त्रिवेदी, सचिन अवस्थी, अतुल त्रिवेदी, पृथु अवस्थी, लखन लाल, आशुतोष नारायण, गौरी शंकर मिश्रा, अश्वनी त्रिवेदी, प्यारे लाल लोधी, कपिल वर्मा आदि मौजूद रहे।

# लालता ने पेश की सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल

लोकेंद्र सिंह, हसनगंज उन्नाव

● उन्नाव के हसनगंज निवासी लालता 32 वर्षों से रख रहे रोजा करते हैं शहरी व इफ्तार

**अमृत विचार:** जिले के हसनगंज क्षेत्र से गंगा-जमुनी तहजीब की एक ऐसी मिशाल सामने आई है जो धर्म व मजहब की दीवारों को लांघकर आपसी भाईचारे का संदेश दे रही है। जहां एक ओर पूरा मुस्लिम समुदाय रमजान माह में इबादत में मशगूल है वहीं हसनगंज तहसील के एक हिंदू किसान लालता प्रसाद गौतम भी पूरी श्रद्धा के साथ रोजा रखकर मिशाल पेश कर रहे हैं।

बता दें कि हसनगंज के शाहपुर तोंदा गांव के मजरा कांशीराम खेड़ा निवासी लालता प्रसाद गौतम पुत्र सीताराम वर्ष-1994 से लगातार रमजान माह में रोजा रख रहे हैं। वह सूर्योदय से सूर्यास्त तक रोजे के सभी कठिन नियमों का पालन करते हैं और शाम को विधि विधान से इफ्तारी करते हैं। लालता ने बताया कि उनकी इस अटूट आस्था की शुरुआत एक व्यक्तिगत संकट से हुई थी। वर्षों पहले उनकी पत्नी की तबीयत काफी खराब हो गई थी। कई जगह इलाज कराने के बाद भी जब कोई लाभ नहीं मिला तो किसी के मशवरे पर उन्होंने बाराबंकी स्थित बासा शरीफ दरगाह में मत्था टेका। वहां मन्नत मांगने के बाद जब उनकी पत्नी स्वस्थ हुईं तो लालता का विश्वास अटूट हो गया। तब से आज तक बीते 32 वर्षों से वह हर साल रोजा रखते आ रहे हैं। लालता न केवल रोजा रखते हैं बल्कि वह भगवान भोलेनाथ के भी अनन्य उपासक हैं। वह हिंदू त्योहारों में भी उतनी ही गर्मजोशी से हिस्सा लेते हैं। उनके जीवन में एक ओर शिव की भक्ति है तो दूसरी ओर रमजान की इबादत। उनके लिए मजहब इंसानियत और कृतज्ञता का नाम है। लालता ने बताया कि इस बार नवरात्र 19 मार्च से शुरू हो रहे हैं लेकिन, ईद 20 या 21 मार्च को पड़ेगी। इसलिये वह पूरे रोजा रखने के बाद नवरात्र में मातारानी की भक्ति में लीन होंगे।



लालता प्रसाद गौतम

# महिला दिवस पर सफाई मित्र सम्मानित

शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत 8 से 14 मार्च 2026 तक नगर पालिका गंगाघाट द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसका उद्देश्य समाज की आधारस्तंभ महिलाओं, विशेषकर महिला सफाई मित्रों के योगदान को सम्मानित करना व उनके स्वास्थ्य व अधिकारों के प्रति जागरूक करना रहा।

इस दौरान शनिवार को गगनी खेड़ा स्थित एमआरएफ सेंटर में महिला सफाई कर्मियों के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कराए गए और सफाई कार्य के दौरान होने वाली संभावित बीमारियों से बचाव के लिए चिकित्सीय परामर्श दिए गए। साथ ही उन्हें कार्य के दौरान दस्ताने, मास्क व सैनिटाइजर के नियमित उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एमआरएफ सेंटर में एक जागरूकता कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों, कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों व मिशन शक्ति, उज्ज्वला योजना और कन्या सुमंगला योजना जैसी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। समारोह में अध्यक्ष ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला सफाई मित्रों को पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया और एमआरएफ सेंटर के संचालन में उन्हें प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।



सम्मानित महिला सफाई कर्मियों के साथ मौजूद नगर पालिकाध्यक्ष। ● अमृत विचार

**आयोजन** | राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण दिल्ली के निर्देश पर लगाई गई लोक अदालत

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 92,852 वाद निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देश पर शनिवार को जिला न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई गई। इसका शुभारंभ जिला जज व विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा-प्रथम ने केंद्रीय हॉल में दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

जिला जज ने कहा कि लोक अदालत का उद्देश्य अधिक से अधिक वाद सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किया जाना है। इससे लोगों को कोर्ट कचहरी की दौड़ लगाने से राहत मिलेगी। लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों में लंबित व प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण हुआ। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के 50 मामलों में करीब 3.52 करोड़ प्रतिकर अवार्ड किया गया। वहीं बैंक रिकवरी के 591 मामलों में 43.67 लाख की अदायगी तय हुई। बीएसएनएल व फाइनेंस कंपनियों के 60 मामलों में भी धनराशि भुगतान पर सहमति बनी। इसके अतिरिक्त राजस्व, विद्युत व अन्य प्री-लिटिगेशन मामलों सहित करीब 92,852 वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर किया गया। लोक अदालत में वैवाहिक मामलों में दंपतियों ने आपसी सहमति से पुनर्मिलन कर विवाद समाप्त किए। इस दौरान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय अनिल शुक्ला, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण रामायण शर्मा, अपर जिलाजज कविता मिश्रा, ममता सिंह, रामराज, विवेकानन्द विश्वकर्मा, निवेदिता अस्थाना, शिप्रा आर्या, मनीष निगम, सीजेएम भव्या तिवारी आदि न्यायिक अधिकारी, बार अध्यक्ष गिरीश मिश्र, महामंत्री अनुज बाजपेयी व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी व पराविधिक स्वयं सेवक मौजूद रहे।



राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते जिला जज। ● अमृत विचार

### 4 केंद्रों में 3.61 लाख से अधिक कॉपियों का होगा मूल्यांकन

**उन्नाव, अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन 18 मार्च से शुरू होगा। इसके लिए जिले के 4 विद्यालयों को मूल्यांकन केंद्र बनाया गया है। जिसमें 3,61,527 उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए 164 डिप्टी हेड व 1584 सहायक परीक्षक लगाए गए हैं। डीआईओएस सुनील दत्त ने बताया कि इंटर की 77,606 कॉपियां जीजीआईसी व 78,477 अटल बिहारी इंटर कॉलेज में जांची जाएंगी। वहीं हाईस्कूल की 1,00,296 कापियां जीआईसी व 1,05,148 कांपियां डॉ. जीनाथजी बालिका इंटर कॉलेज में जांची जाएंगी। मूल्यांकन कार्य रोज सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगा। इसे 15 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। पहले दिन डिप्टी हेड परीक्षक सहायक परीक्षकों के अभिलेखों की जांच करेंगे और मॉडल कॉपियों के आधार पर मूल्यांकन प्रक्रिया शुरू होगी।

